

पेज -4 पर

जय श्री राम के उद्घोष के साथ वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी ने अयोध्या धाम दर्शन को जा रहे रायगढ़ ..

नई सोच, नया आयाम

RNI No. CHHHIN/2009/35020

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी

◆ वर्ष: -16 ◆ अंक: 129 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8

धरमजयगढ़, मंगलवार 12 मार्च 2024





पेज -8 पर

जन जागृति के लिए राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम आयोजित

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in





मनोकामना ज्योति कलश



651/- रुपये

कन्या छूट - 100/- रूपए

**श्री-श्री सिद्ध शक्ति पीठ मां भगवती अंबेटिकरा मंदिर धरमजयगढ़**

**चैत्र नवरात्र 2024 (09 अप्रैल से 17 अप्रैल 2024 तक)**

**मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जावलित करने के लिए संपर्क करें :-**

**धरमजयगढ़** -: मामू पान दुकान राजमहल गेट के पास 9977963676, शारदा फैंसी क्लाथ स्टोर बस स्टैण्ड 9424181141, हरिचरण अग्रवाल नीचेपारा 7415213137,अजय सायकल बस स्टैण्ड 9977082840, आनंद वस्त्रालय बस स्टैण्ड 9977531361, पंजाब आटो बस स्टैण्ड 9424181140, जयेश मेडिकल थाना के पास 982687777, गुड़िया होटल गांधी चौंक 7415559910, गोयल क्लाथ स्टोर बस स्टैण्ड 9303807845, सांई मंगलम बस स्टैण्ड 9406348000, गोल्डी मोबाइल्स ग्राऊंड काम्पलेक्स 9981746848,मधुबन इलेक्ट्रीकल-9827442299, जयजयराम तराईमार-9302283427, बंजारी आटोमोबाइल्स ग्राऊंड काम्पलेक्स 975438030, जिन्दल हार्डवेयर 9424181490, आशीर्वाद कलेक्सन पोस्ट ऑफिस के पास 8719994424, जितेन्द्र ठक्कर नीचेपारा 7415556685,आशीष विश्वास 9424181448, शिवहरी शर्मा नीचेपारा 9424181352, विजय शर्मा नीचेपारा 8982636327, माधोराम पटेल (शाहपुर) 881241652, गोविन्द साव शाहपुर 9300282757, शशि पटेल शाहपुर 8878311918, अशोक मिश्रा (शाहपुर) 8817194216, मनोज अग्रवाल 9826148026, ठंडा राम चौधरी वन मंडल 9907393129, जगदीश सरकार 7413213153, वीरेन्द्र शर्मा 8839524189, पवन अग्रवाल गेरसा 8815256691, किशोर बेहरा नवागांव 7987415660, राधेश्याम त्रिपाठी 8817241652, श्याम मेडिकल 8839663600, पुरूषोत्तम अग्रवाल जय स्तंभ चौंक 7999784287, दिकेश्वर राठिया कुदमुरा 8889583311, जयनारायण राठिया सिथरा 6261463670, दिनेश राठिया सरपंच लक्ष्मीपुर 7828085380, जानकी प्रसाद डनसेना जमरगी डी 9753320018, पुरूषोत्तम राठिया अमृतपुर 8305301737, शिवकुमार राठिया बायसी 6267434458, उत्तरा पटेल पुरूंगा 6265998353, किशोर राठिया रूपूंगा 6260994311, सुनिता ध्रुव जेलपारा, योगेश गोपाल (गोपाल बाबू) 9993318928, **बाकारुमा**-टीमन बारिक 7987884554, **महाराजगंज**- श्री खगेश्वर राठिया 934308162, **पत्थलगांव** -: अनिल अग्रवाल पेट्रोल पंप 9425573959, सुशील हार्डवेयर 9993149510, **रायगढ़** -: पुरूषोत्तम अग्रवाल (संजीवनी हास्पिटल) 9425251365, रविशंकर तिवारी (जिला न्यायालय) 9300974856, **घरघोड़ा** -: गंगाराम पैंकरा (वन विभाग) 9406220044, रितेश शर्मा जय स्तंभ चौक 7898793111, राधेश्याम राठिय छर्राटांगर 7610732424 **कोरबा** -: मनोज मित्तल (वेदांशा इंटरप्राइजेस) 9907511110, **खड़गांव** -: राजेन्द्र अग्रवाल 9826961495, **हाटी** -: गोकुल पान सेन्टर 9988176184, अरुण अग्रवाल (अग्रवाल कम्प्यूटर) 9993849678, रवि पटेल 7999315321 **कुड़ेकेला** -: विजय अग्रवाल (चौधरी) 9981375222, **छाल** -: एम.एस.ठाकुर 9926194495, रामकृष्ण तिवारी 9425537111 **खरसिया** -: नारायण प्रसाद चक्रधारी 9826183759, युगल वैष्ण अधिवक्ता 7000015881, नटवर अग्रवाल **तपकरा**-: प्रिति आटोमोबाइल्स 9424185996, **लैलूंगा**-: कुंजराम पैंकरा 8827771848, कृष अग्रवाल 9301185400, **कुडूमकेला**-: शिव सिंह सीएमपीडीआई 9098165311, **खम्हार**-: पिन्टू अग्रवाल अजय किराना 9098893900, **लुड़ेग**-: प्रेमसागर काडरो 9111469953, प्रेमसागर 930338981 **कोतबा**-: सुखसागर अग्रवाल (एलआईसी) 9424182919 **सीतापुर**:- निरंजन मिश्रा 7000494560, कार्तिक मानिकपुरी 9406022606

**मनोकामना ज्योत का प्रसाद जहां से रसीद प्राप्त किए हैं वहीं से प्राप्त करें।**


## एक नजर

### पुरानी रंजिश के चलते युवक को पीटा

**रायपुर।** तिल्दा स्थित खुशी अस्पताल के पास पुरानी रंजिश के चलते तीन लोगों ने दो लोगों से गाली-गलौज कर मारपीट किया है। प्रार्थी की शिकायत पर नेवरा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी मनीष साहू 23 वर्ष वार्ड 2 सासाहोली का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपने दोस्त गोपाल साहहू के साथ तिल्दा के खुशी अस्पताल के पास गया था, तभी आरोपी थानेक्स मानिकपुरी, विजय व अन्य ने पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर नेवरा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### पंचायत प्रतिनिधियों के सुझाव पर चलेगा पंचायत विभाग- उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा

## सरपंच गांव के विकास की चाबी, बड़ी उम्मीद से आप पर भरोसा कर ग्रामीणों ने सौंपी है जिम्मेदारी- केंद्रीय राज्यमंत्री कपिल मोरेश्वर पाटिल

### नियद नेल्लानार के परिकल्पना को साकार करने वाले ग्राम पंचायतों के सरपंचों का किया गया सम्मान





राज्य स्तरीय महापंचायत में शामिल हुए केंद्रीय राज्यमंत्री, कहा छत्तीसगढ़ सरकार ने पंचायत प्रतिनिधियों को मुख्यधारा में शामिल कर किया प्रोत्साहित





**रायपुर ।** सरपंच गांव के विकास की चाबी हैं। ग्रामीणों ने बड़ी उम्मीद से भरोसा कर गांव के विकास की चाबी सरपंचों को सौंपी है। छत्तीसगढ़ सरकार पंचायत प्रतिनिधियों को मुख्यधारा में शामिल कर प्रोत्साहित कर रही है। यह बात राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित राज्य स्तरीय महापंचायत कार्यक्रम में केंद्रीय राज्यमंत्री पंचायतीराज श्री कपिल मोरेश्वर पाटिल ने कही। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा, खाद्य मंत्री श्री दयालदास बघेल, स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल, राजस्व मंत्री श्री टंकराम वर्मा, विधायक श्री अनुज शर्मा ने भी राज्य स्तरीय महापंचायत को संबोधित किया। राज्य स्तरीय महापंचायत कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के हितग्राहियों, ज्ञानोदय वाचनालय एवं अनुसूचित क्षेत्रों की ग्राम पंचायतों में कम्प्यूटर प्रदाय हेतु राशि अंतरण किया गया। सतत विकास लक्ष्यों के स्थानीयकरण के विशिष्ट कार्य करने वाले ग्राम पंचायतों को 9 थीम पर, नियद नेल्लानार के परिकल्पना को साकार करने वाले ग्राम पंचायतों के सरपंचों, लखपति दीदी तथा ड्रोन दीदी को सम्मानित किया गया। केन्द्रीय पंचायतीराज राज्य मंत्री श्री कपिल मोरेश्वर पाटिल ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प में गांवों का विकास पीछे नहीं रहेगा। प्रधानमंत्री का पूरा ध्यान और जोर गांवों के विकास पर है। विकसित भारत यात्रा के दौरान सरकार की योजनाओं को गांव-गांव पहुंचाकर लोगों को लाभान्वित किया गया है। केन्द्रीय पंचायतीराज राज्य मंत्री श्री पाटिल ने राज्य के कोने-कोने से आए पंचायत प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि श्री नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद वित्त आयोग के माध्यम से स्थानीय सरकारों को दिए जाने वाली राशि में अभूतपूर्व बढ़ोतरी हुई है। वर्ष 2014 तक 13वें वित्त आयोग के कार्यकाल में देशभर की पंचायतों और नगरीय निकायों के लिए 60 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान था। प्रधानमंत्री की पहल पर 15वें वित्त आयोग आते-आते अब यह राशि दो लाख 36 हजार करोड़ रुपए तक पहुंच चुकी है। श्री पाटिल ने पंचायत प्रतिनिधियों को राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत आयोजित होने वाले प्रशिक्षणों का पूरा लाभ लेने को कहा।

## अग्नि-5 का सफल परीक्षण

### पीएम मोदी ने डीआरडीओ वैज्ञानिकों को दी बधाई

0005 हजार किलोमीटर दूर टार्गेट का नामो निशान मिटा देगी यह मिसाइल



**नई दिल्ली ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को अग्नि-5 मिसाइल के पहले सफल परीक्षण पर DRDO के वैज्ञानिकों को बधाई दी है। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में लिखा कि मिशन दिव्यास्त्र को सफल बनाने के लिए हमें अपने वैज्ञानिकों पर गर्व है।

इससे पहले कहा जा रहा था कि पीएम मोदी सीएए को लेकर बड़ा ऐलान कर सकते हैं। हालांकि ऐन मौके पर पीएम मोदी ने डीआरडीओ वैज्ञानिकों की बधाई दी। इसके कुछ ही देर बात सीएए को लेकर अधिसूचना भी जारी कर दी गई। 2022 में भी, भारत ने अपनी सबसे शक्तिशाली मिसाइल अग्नि-5 मिसाइल (Agni-V) का सफलतापूर्वक परीक्षण किया था। उस समय इस मिसाइल ने 5500 किलोमीटर दूर एक टार्गेट को सफलतापूर्वक नष्ट कर दिया था। यह मिसाइल डीआरडीओ और भारत डायनामिक्स लिमिटेड (BDL) द्वारा साथ मिलकर तैयार किया गया।

कांग्रेस चुनाव समिति की दूसरी बैठक खत्म

## लोकसभा चुनाव के लिए 7 राज्यों के कैंडिडेट पर चर्चा हुई





**नई दिल्ली ।** कांग्रेस पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति (CEC) की दूसरी बैठक खत्म हो गई है। पार्टी हेडक्वार्टर में हुई बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी और CEC के मेंबर शामिल हुए। बैठक में 7 राज्यों- कर्नाटक, राजस्थान, छत्तीसगढ़, हरियाणा, तमिलनाडु, दिल्ली और मध्य प्रदेश की सीटों पर चर्चा होगी। CEC की पहली मीटिंग 7 मार्च को हुई थी। 8 मार्च को 39 सीटों के लिए पहली लिस्ट जारी की थी। इसमें छत्तीसगढ़, कर्नाटक, केरल, लक्षद्वीप, मेघालय, नागालैंड, सिक्किम, तेलंगाना और त्रिपुरा की लोकसभा सीटों के लिए नामों की घोषणा की गई। इनमें से 16 केरल से, सात कर्नाटक से, 6 छत्तीसगढ़ से और 4 तेलंगाना से थे।

## मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने मां दंतेश्वरी देवी की पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की





**रायपुर।** प्रदेश के स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा, संसदीय कार्य, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व, पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने अपने एक दिवसीय दंतेवाड़ा प्रवास पर सोमवार को बस्तर की आराध्य देवी मां दंतेश्वरी की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस मौके पर विधायक चैतराम अटामी, नगर पालिका अध्यक्ष पायल गुप्ता, जनपद पंचायत अध्यक्ष सुनीता भास्कर, नगर पालिका उपाध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप सिंह तथा अन्य जनप्रतिनिधियों सहित कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी, पुलिस अधीक्षक गौरव राय, जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन तथा जिला प्रशासन के अधिकारीगण मौजूद थे।



### ईडी के प्रतिवेदन पर ईओडब्ल्यू ने की कार्रवाई

## महादेव सट्टा, भ्रष्टाचार व साजिश के आरोप में अज्ञात पुलिस अफसरों पर केस





**रायपुर।** महादेव सट्टा मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के प्रतिवेदन पर ईओडब्ल्यू ने साजिश, जालसाजी और भ्रष्टाचार का केस दर्ज किया है। ईओडब्ल्यू ने इस केस में अज्ञात पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को आरोपी बनाया है। एफआईआर में किसी का नाम नहीं लिखा गया है।

जबकि ईडी ने आरोपियों के बयान और आईटी जांच के आधार पर राज्य के पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों के नाम के साथ कार्रवाई के लिए प्रतिवेदन भेजा है। उस प्रतिवेदन के आधार पर केस दर्ज तो किया गया है, लेकिन नाम नहीं लिखा गया है। अब इस मामले की जांच एसीबी-ईओडब्ल्यू की नई टीम जांच करेगी। क्योंकि पुरानी टीम का तबादला हो गया।

पिछले ढाई माह के भीतर एसीबी-ईओडब्ल्यू में ये छठवीं एफआईआर दर्ज की गई है। जनवरी में ईडी के प्रतिवेदन पर अवैध कोल परिवहन, आबकारी में गड़बड़ी, डीएमएफ घोटाला और कस्टम मिलिंग में कमीशनखोरी का केस दर्ज किया है। इसमें आबकारी गड़बड़ी की जांच शुरू हो गई। 13 से ज्यादा जगह पर छापेमारी की गई है। बाकी केस में अभी जांच शुरू नहीं हुई है। इस बीच पिछले माह फरवरी में पीएससी भर्ती में गड़बड़ी को लेकर केस दर्ज किया गया है। इस मामले को जांच के लिए सीबीआई को भेज दिया गया है।

काश सबक ले पाती कांग्रेस

## संदेशखाली में अपराधियों के बचाव में आ कर भी कांग्रेस के 'हाथ' खाली, सीएम साय का हमला



**रायपुर.** संदेशखाली में हुई घटना को लेकर हाल ही में सीएम विष्णुदेव साय ने पश्चिम बंगाल के सीएम ममता बनर्जी को पत्र लिखा था. अब इस मामले में सीएम साय ने कांग्रेस को आड़े हाथ लिया है. उन्होंने कांग्रेस पर अपराधियों के बचाव का आरोप लगाया है.

बता दें कि सोशल मीडिया प्लेटफार्म (X) पर सीएम साय ने लिखा, जब हमने संदेशखाली में आदिवासी महिलाओं से टीएमसी के नेताओं द्वारा किए गये जघन्य दुष्कर्म के विरुद्ध पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री को पत्र लिखा था, तो टीएमसी के बचाव में सबसे पहले कांग्रेस ही आ गई थी. केवल इसलिए कांग्रेस ने इस नृशंस अपराध का भी बचाव किया था, ताकि उसे पश्चिम बंगाल में दो-चार भी सीट लड़ने के लिये वहां ममता बनर्जी से मिल जाए. अपराधियों के बचाव में आ कर भी कांग्रेस के 'हाथ' खाली ही रहे संदेशखाली वाले राज्य में. काश सबक ले पाती कांग्रेस. बता दें कि संदेशखाली में महिलाओं से दुष्कर्म और आदिवासियों की जमीन छिने जाने की घटना को लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बीते दिन पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को पत्र लिखा था. मुख्यमंत्री साय ने मामले में दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है.

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने ममता बनर्जी को लिखे पत्र को सोशल मीडिया प्लेटफार्म ङ्क पर शेयर करते हुए लिखा था कि पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में 50 से अधिक जनजाति समुदाय की महिलाओं से नृशंस दुष्कर्म, आदिवासियों की जमीन छीनने जैसी घटनायें शर्मनाक है. वारदात में लिप्त दोषियों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई को लेकर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को पत्र प्रेषित कर रहा हूं. आशा है ममता जी इस पत्र पर संज्ञान लेकर पश्चिम बंगाल के पीड़ितों के प्रति न्याय करेंगी.

## 581 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त

**कोरबा-रायपुर ।** पुलिस के द्वारा अवैध शराब पर कार्यवाही करते हुए 25 प्रकरणों में कुल 581 लीटर कच्ची महुआ शराब एवं देसी प्लेन मंदिरा शराब जब्त किया गया है। मामले में 25 लोगों पर कार्यवाही करते हुए आबकारी अधिनियम के तहत न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर विशेष अभियान चलाकर लगातार पुलिस के द्वारा अवैध कारोबार पर ताबड़तोड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी कड़ी में दिनांक 10/03/2024 को भी अवैध गतिविधियों पर प्रभावी कार्यवाही करते हुए अवैध गांजा, शराब एवं नशीली पदार्थ के विरूद्ध सख्ति से कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नेहा वर्मा के पर्यवेक्षण में जिले के सभी राजपत्रित अधिकारी थाना/ चैकी के द्वारा अवैध गतिविधियों पर कार्यवाही किया गया है।

## देश में लागू हुआ सीएए, मोदी सरकार ने की अधिसूचना जारी





**दिल्ली।** लोकसभा चुनाव से पहले मोदी सरकार ने बड़ा ऐलान कर दिया है. मोदी सरकार नें भारत में CAA नियमों की अधिसूचना जारी कर दी है. आज से ही देश में नागरिकता संशोधन कानून यानी सीएए लागू हो जाएगा. दरअसल, CAA संसद से पारित हुए करीब पांच साल बीत चुके हैं. अब केंद्र सरकार आगामी लोकसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान से पहले सीएए को देश में लागू करने जा रही है।

### क्या CAA संवैधानिक है

भारतीय संसद में CAA को वर्ष 2019 में 11 दिसंबर को पारित किया गया था, जिसमें 125 वोट इसके पक्ष में पड़े थे और 105 वोट इसके खिलाफ थे. राष्ट्रपति ने इस विधेयक को 12 दिसंबर को मंजूरी दे दी थी.

### क्या है CAA

नागरिकता संशोधन अधिनियम (CAA), 2019 एक ऐसा कानून है, जिसके तहत दिसंबर 2014 से पहले तीन पड़ोसी देश पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से भारत में आने वाले 6 धार्मिक अल्पसंख्यकों (हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई) को नागरिकता दी जाएगी. लंबे समय से भारत में शरण लेने वालों को इससे बड़ी राहत मिलेगी। गृह मंत्रालय की 2021-22 की वार्षिक रिपोर्ट के मुताबिक 1 अप्रैल 2021 से 31 दिसंबर 2021 तक पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान के इन गैर-मुस्लिम अल्पसंख्यक समुदायों के कुल 1,414 विदेशियों को भारतीय नागरिकता दी गई है. जिन 9 राज्यों में पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान के गैर-मुस्लिम अल्पसंख्यकों को नागरिकता दी गई है, वे गुजरात, राजस्थान, छत्तीसगढ़, हरियाणा, पंजाब, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, दिल्ली और महाराष्ट्र हैं।

# सेवानिवृत्ति के लिएपर्याप्त फंड होना जरूरी, रिटायरमेंट से पहले अपनी बचत और निवेश पर दें ध्यान

एक समय था जब सेवानिवृत्ति पेंशन व परिवार, विशेषकर बच्चों के सपोर्ट और इस उम्मीद पर निर्भर थी कि चीजें ठीक हो जाएंगी। आज के दौर में सेवानिवृत्ति एक ऐसा वित्तीय लक्ष्य है जिस पर हम सभी को लगातार ध्यान देना जरूरी है। कामकाजी जीवन में बदलावों को देखते हुए, यह जानना कि कब सेवानिवृत्त होना है, थोड़ी भ्रमित करने वाली बात बन जाती है।

रिटायर होने की उम्र तब होती है जब कोई 60 साल का हो जाए। लेकिन ऐसे कई संगठन हैं जो आपको 58 साल की उम्र में रिटायर कर देते हैं। यहां कुछ संभावित संकेतक दिए जा रहे हैं जो आपको यह जानने में मदद करेंगे कि क्या आपके पास आराम से सेवानिवृत्त होने के लिए पर्याप्त धन है।

### चार फीसदी निकासी...सालाना वेतन का 10 गुना रकम

एक मोटा सिद्धांत है कि यदि 65 वर्ष की आयु तक आपके पास वार्षिक वेतन की कम से कम 10 गुना रकम हो, तो यह सहज सेवानिवृत्त के लिए पर्याप्त है। फिर ऐसे लोग भी हैं जो मानते हैं कि बचत और निवेश से चार फीसदी की निकासी से 25-30 वर्षों तक बचत पर जीवन जीना आरामदायक होगा।



**सेवानिवृत्ति हर किसी के लिए एक जैसा नहीं होता है। सेवानिवृत्त होने के बाद आरामदायक जीवन व्यतीत करने के लिए कितना पैसा पर्याप्त होता है, इसके लिए हम सबकी अलग-अलग जरूरतें या परिभाषाएं हैं। अपनी जरूरतों के हिसाब से हमें सेवानिवृत्त होने से पहले अपनी बचत और निवेश का पूरी तरह से ध्यान रखना चाहिए।**

ये दोनों सामान्य नियम नहीं हैं। लेकिन आपको सोचने पर मजबूर करने के लिए एक अच्छा संकेतक है। चार फीसदी निकासी वाला फंडा इस तथ्य पर आधारित है कि यदि आप केवल उतना ही निकालते हैं जितना अपनी बचत से हर साल कमाते हैं तो आपका धन लंबे समय तक टिका रहेगा। हां, इस गणना में महंगाई पर विचार नहीं किया जा रहा है। लेकिन, आपको एक आइडिया मिलता है कि सेवानिवृत्त फंड से 7-8 फीसदी निकासी पर विचार करना चाहिए।

### आपात स्थितियों के लिए अलग रखें खर्च

नियमित खर्चों के लिए सेवानिवृत्त फंड से आपात खर्चों को अलग रखें।?इसलिए, सेवानिवृत्त में अपने सभी खर्चों और वित्तीय जरूरतों को एक ही टोकरी में डालने के बजाय आपात स्थिति के लिए पैसा अलग रखना चाहिए। सेवानिवृत्त में सभी प्रकार की स्थितियों से निपटने के लिए इस आपात खाते में आपके वार्षिक खर्चों के कम से कम 2-3 वर्षों के लिए पैसा अलग रखा जाना चाहिए। यदि रिटायर होने पर आपका वार्षिक खर्च पांच लाख रुपये है तो आपात स्थिति से निपटने के लिए 15 लाख रुपये अलग रखें। इनमें चिकित्सा शामिल नहीं है, जिसे बीमा से पूरा किया जाएगा।

### बचत और निवेश में विविधता लाएं

सेवानिवृत्त फंड को बचत और निवेश में लगाएं। जिस धन की सेवानिवृत्त के बाद 7-10 वर्षों में जरूरत होगी, वह इक्विटी म्यूचुअल फंड और शेयरों में होना चाहिए, ताकि धन अर्जित करने का लाभ मिल सके। इक्विटी में पैसे लगाने का कारण समय के साथ उसके मूल्य को बनाए रखना है। याद रखें, इक्विटी में भी ऐसे विकल्प हैं जिनमें कम जोखिम होता है।

जैसे लार्ज कैप और ब्लू चिप स्टॉक। यह उनके लिए महत्वपूर्ण है जो पेंशन पर सेवानिवृत्त होते हैं। इसमें पेंशन आय का एक स्रोत है न कि एकमात्र स्रोत। ब्याज दरें अक्सर कम होने के कारण सेवानिवृत्त के लिए की गई बचत पर्याप्त नहीं हो सकती है। इसलिए, सेवानिवृत्त में अतिक्ति आय के लिए तैयार रहें और केवल पेंशन पर निर्भर न रहें। आप सेवानिवृत्त में आय के कई साधन बना सकते हैं। पेंशन की रकम को नियमित खर्चों के लिए निवेश कर सकते हैं। इस फॉर्मूले से महंगाई को मात देने वाले साधन से लाभ उठाने के लिए इक्विटी में निवेश की जाने वाली अतिरिक्त रकम का उपयोग कर सकते हैं। यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि आपके पास धन उत्पन्न करने के लिए पर्याप्त जगह है, जो महंगाई को मात देती है। सेवानिवृत्ति में जितना संभव हो सके, उतने वर्षों तक केवल पेंशन पर निर्भर रहने का प्रयास करें।

### स्वास्थ्य देखभाल के लिए योजना

रिटायरमेंट में हेल्थ केयर की लागत तेजी से बढ़ती है। लोग अपनी कंपनी से स्वास्थ्य बीमा प्राप्त करते हैं, लेकिन यह तब तक ही है, जब तक आप कार्यरत हैं। रिटायर होने से पहले खुद का स्वास्थ्य बीमा लें। सुनिश्चित करें कि इसमें आपकी उम्र 80 वर्ष और उसके बाद तक कवर हो। यदि आप कई वर्षों तक जीवित रहते हैं, तो संभावना है कि आप रिटायरमेंट बचत को अपनी योजना से अधिक वर्षों तक समाप्त कर देंगे। अगर...आपने रिटायरमेंट में खर्च की उपरोक्त पांच बातों को ध्यान में रखा है तो संभावना है कि आप अपने रिटायरमेंट संबंधी खर्चों को आराम से प्रबंधन करने में सक्षम होंगे।

- नारायण कृष्णमूर्ति

## संपादकीय

### भाजपा के सहयोगियों की चिंता

भारतीय जनता पार्टी ने सहयोगियों की चिंता बढ़ा दी है। वह जिस तरह से एक एक सीट के लिए मोलभाव कर रही है और सभी छोटी पार्टियों को कम सीटों पर समझौता करने के लिए मजबूर कर रही है उससे सहयोगी परेशान हुए हैं। पहले उत्तर प्रदेश में भाजपा ने जयंत चौधरी की राष्ट्रीय लोकदल को दो सीटें दीं और साथ ही सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी व निषाद पार्टी को एक एक सीट देने का फैसला किया तो अब महाराष्ट्र से खबर आ रही है कि भाजपा वहां अजित पवार की असली एनसीपी को सिर्फ चार से पांच सीट देने वाली है।

पहले एनसीपी का दावा 12 सीटों का था। बाद में कहा गया कि आठ सीटें मिलेंगी। फिर जब अमित शाह सीटों के बंटवारे पर बात करने महाराष्ट्र पहुंचे तो कहा गया कि अजित पवार को छह सीटें मिल सकती हैं। लेकिन अब खबर आ रही है कि चार सीटें देने की बात हो रही है। इसी तरह असली शिव सेना यानी मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे गुट को आठ से 10 सीट देने की बात हो रही है। सोचें, शिंदे गुट के पास 13 लोकसभा सांसद हैं। लेकिन भाजपा उनको आठ से 10 सीट का प्रस्ताव दे रही है। खुद भाजपा 32 से 34 सीट लड़ना चाहती है। उसका प्रस्ताव है कि शिंदे गुट के कुछ सांसदों को वह अपने चुनाव चिन्ह पर लड़ा सकती है।

# बौद्धिक नवाचार आधारित व्यवस्था की ओर, पर ऊंचे लक्ष्यों के लिए काफी कुछ करना बाकी

हाल ही में अमेरिकी उद्योग मंडल 'यूएस चैंबर्स ऑफ कॉमर्स' के ग्लोबल इनोवेशन पॉलिसी सेंटर द्वारा जारी वार्षिक रिपोर्ट में वैश्विक बौद्धिक संपदा (आईपी) सूचकांक 2024 में भारत दुनिया की 55 प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से 42वें स्थान पर है। पिछले वर्ष भी भारत इसी क्रम पर स्थित था। आईपी सूचकांक के तहत शीर्ष क्रम पर जिन 10 देशों की अर्थव्यवस्थाएं हैं, उनमें क्रमश: अमेरिका, यूके, फ्रांस, जर्मनी, स्वीडन, जापान, नीदरलैंड, आयरलैंड, स्पेन तथा स्विट्जरलैंड हैं। बौद्धिक संपदा में आविष्कार, रचनात्मक व कलात्मक कार्य, डिजाइन, कॉपीराइट, पेटेंट, ट्रेडमार्क और शोध व नवाचार शामिल हैं। हालांकि इस नई आईपी रिपोर्ट में भारत की बौद्धिक संपदा आधारित नवाचार गतिविधियों की प्रशंसा की गई है और कहा गया है कि भारत बौद्धिक नवाचार के जरिये अर्थव्यवस्था को तेजी से बढ़ाने की संभावनाओं वाला देश है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि आईपी मापदंडों के मद्देनजर भारत का आकार और आर्थिक रसूख वैश्विक पटल पर बढ़ रहा है। यदि हम बौद्धिक संपदा, शोध एवं नवाचार से जुड़े अन्य वैश्विक संगठनों की रिपोर्टों को देखें, तो पाते हैं कि भारत इस क्षेत्र में लगातार आगे बढ़ने का प्रयास कर रहा है। लेकिन अब भी देश के तेज विकास के ऊंचे लक्ष्यों के लिए बौद्धिक संपदा शोध और नवाचार में भारत को काफी कुछ करना जरूरी है। विश्व बौद्धिक संपदा संगठन द्वारा प्रकाशित वैश्विक नवाचार सूचकांक (जीआईआई) 2023 की रैंकिंग में 132 अर्थव्यवस्थाओं में भी भारत 40वें पायदान पर दिखाई दे रहा है। खास बात यह भी है कि इस सूचकांक में भारत 37 निम्न-मध्यम-आय समूह वाली अर्थव्यवस्थाओं के बीच अग्रणी बनकर उभरा है। साथ ही, भारत नवाचार के संबंध में मध्य और दक्षिणी एशिया की 10 अर्थव्यवस्थाओं में सबसे ऊपर है। बौद्धिक संपदा शोध एवं नवाचार की दुनिया में भारत की रैंकिंग यह दर्शा रही है कि भारत इनोवेशन का हब बनता जा रहा है। भारत में शोध एवं नवाचार को बढ़ाने में डिजिटल ढांचे और डिजिटल सुविधाओं की भी अहम भूमिका है। भारत आइटी सेवा निर्यात और वेंचर कैपिटल हासिल करने के मामले में लगातार आगे बढ़ रहा है। भारत के नवाचार दुनिया में सबसे प्रतियोगी, किफायती, टिकाऊ, सुरक्षित और बड़े स्तर पर लागू होने वाले समाधान प्रस्तुत कर रहे हैं। आज भारत में करीब 1.25 लाख स्टार्ट-अप हैं, जिनमें 100 से अधिक यूनिकॉर्न हैं। गौरतलब है कि बौद्धिक संपदा, शोध एवं नवाचार के आधार पर ही विभिन्न देशों के उद्यमी और कारोबारी किसी देश में अपने उद्योग-कारोबार शुरू करने संबंधी निर्णय लेते हैं।




**बौद्धिक संपदा, शोध एवं नवाचार के क्षेत्र में भारत लगातार आगे बढ़ रहा है। पर अब भी तेज विकास के ऊंचे लक्ष्यों के लिए काफी कुछ करना बाकी है।**

हालांकि भारत के विकास में बौद्धिक संपदा, शोध एवं नवाचार से जुड़े तीन आधारों की बढ़ती भूमिका दिखाई दे रही है, लेकिन इन आधारों से विकास को ऊंचाई देने के लिए इस क्षेत्र में सरकार व निजी क्षेत्र को परिव्यय बढ़ाना होगा।

## मिला जुला

# द्वारका एक्सप्रेस-वे राष्ट्र को समर्पित

## पीएम ने एक लाख करोड़ की 112 नेशनल हाईवे परियोजनाओं का किया उद्घाटन, शिलान्यास

गुरुग्राम। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को गुरुग्राम में आयोजित एक कार्यक्रम से देशभर में एक लाख करोड़ रुपये की लागत वाली 112 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया. इस अवार पर पीएम मोदी ने कहा कि पहले की सरकारें छोटी-सी कोई योजना बनाकर, छोटा-सा कोई कार्यक्रम करके उसकी डुगडुगी पांच साल तक पीटते रहते थे. वहीं, भाजपा सरकार जिस रफ्तार से काम कर रही है, उसमें शिलान्यास व लोकार्पण के लिए समय और दिन कम पड़ रहे हैं.



**'10 लाख करोड़ रुपये की परियोजनाओं...'**

देश में तेजी से हो रहे विकास का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा, '2024 के अभी तीन महीने भी पूरे नहीं हुए हैं, और इतने कम समय में 10 लाख करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण हो चुका है. ये सिर्फ वो प्रोजेक्ट्स हैं, जिसमें मैं खुद शामिल हुआ हूं. इसके अलावा मेरे मुख्यमंत्रियों और मंत्रियों ने भी विकास परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण किया है.'

**'ये बड़े लक्ष्यों का भारत'**- कांग्रेस पर हमला करते हुए पीएम मोदी ने कहा, 'आज जहां द्वारका एक्सप्रेस-वे का निर्माण हुआ है, एक समय था, जब शाम ढलने के बाद लोग इधर आने से बचते थे. टैक्सी ड्राइवर भी मना कर देते थे कि इधर नहीं आना है. इस पूरे इलाके को असुरक्षित समझा जाता था. लेकिन आज कई बड़ी कंपनियां यहां आकर अपने प्रोजेक्ट लगा रही हैं. ये इलाका हृष्टक्र के सबसे तेजी से विकसित हो रहे इलाकों में शामिल हो रहा है. 21वीं सदी का भारत बड़े विजन का भारत है. ये बड़े लक्ष्यों का भारत है. आज का भारत प्रगति की रफ्तार से कोई समझौता नहीं कर सकता.'

आज का भारत प्रगति की रफ्तार से कोई समझौता नहीं कर सकता. न मैं छोटा सोच सकता हूं, न मैं छोटे सपने देखता हूं, जो भी चाहिए बड़ा चाहिए, जल्दी चाहिए. कांग्रेस और उसके घमंडिया गठबंधन को विकास के काम से सबसे ज़्यादा दिक्कत है. देश बदल गया, लेकिन कांग्रेस और उनके गठबंधन का प्रधानमंत्री मोदी ने ऐतिहासिक द्वारका एक्सप्रेसवे के हरियाणा खंड का उद्घाटन कर दिया है. इससे राष्ट्रीय राजमार्ग-48 पर दिल्ली और गुरुग्राम के बीच यातायात को सुचारू करने और भीड़भाड़ को कम करने में मदद मिलेगी. प्रधानमंत्री मोदी द्वारा जिन अन्य प्रमुख परियोजनाओं का उद्घाटन किया गया उनमें दिल्ली में नांगलोई-नजफगढ़ रोड से सेक्टर 24 द्वारका खंड तक 9.6 किलोमीटर लंबी छह लेन वाली शहरी विस्तार रोड-दो शामिल है. हिमाचल प्रदेश में लगभग 3,400 करोड़ रुपये की लागत वाले राष्ट्रीय राजमार्ग-21 के किरतपुर-से-नेरचौक खंड का भी उद्घाटन किया गया है.

# इलेक्टोरल बॉन्ड की जानकारी दें

## SBI को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका

**नई दिल्ली।** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के इलेक्टोरल बॉन्ड मामले में सुप्रीम कोर्ट ने जमकर फटकार लगाई है। साथ ही कोर्ट ने जानकारी देने के लिए समय विस्तार की मांग कर रही याचिका को भी खारिज कर दिया है। पांच सदस्यीय बेंच का कहना है कि एसबीआई मंगलवार तक इलेक्टोरल बॉन्ड की जानकारी भारत निर्वाचन दे। सुप्रीम कोर्ट ने फरवरी में इलेक्टोरल बॉन्ड स्कीम पर रोक लगा दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को शुक्रवार शाम 5 बजे तक जानकारियां प्रकाशित करने के भी आदेश दिए। साथ ही अदालत ने बैंक को चेतावनी भी दी है कि अगर कल तक जानकारी नहीं दी गई, तो अवमानना की कार्यवाही की जाएगी। ECI को देने के लिए SBI ने 30 जून तक का समय मांगा था। भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली पांच सदस्यीय बेंच ने इस मामले पर सुनवाई की। बेंच में जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा शामिल हैं। बैंक तरफ से पेश हुए सीनियर एडवोकेट हरीश साल्वे ने कोर्ट को बताया है कि बैंक को जानकारी जुटाने के लिए और समय की जरूरत है। उन्होंने इसके लिए मामले की संवेदनशीलता का हवाला दिया और पूरी प्रक्रिया में नाम नहीं होने की बात कही। उन्होंने बताया कि डोनर की जानकारी को बैंक की तय शाखाओं में सील बंद लिफाफे में रखा जाता है। उन्होंने कहा, 'हमें आदेश का पालन करने के लिए थोड़ा और समय चाहिए। हम जानकारी जुटाने की कोशिश कर रहे हहैं और हमें इसके लिए पूरी प्रक्रिया को रिवर्स करना पड़ रहा है। एक बैंक के तौर पर हमें इस प्रक्रिया को गुप्त रखने के लिए कहा गया था।' इसपर सीजेआई चंद्रचूड़ ने एसबीआई पर सवाल उठाए और कहा, 'आप कह रहे हैं कि जानकारियों को सीलबंद लिफाफे में रखा गया और मुंबई ब्रांच में जमा कराया गया है।



### 30 जून तक का समय मांगने पर शीर्ष न्यायालय ने एसबीआई को फटकार लगाई

अदालत ने कहा, 'बीते 26 दिनों में आपने क्या कदम उठाए हैं? आपके आवेदन में इसपर कुछ नहीं कहा गया है।' सालवे ने जवाब दिया कि इस काम में तीन महीनों का समय लगता है। उन्होंने कहा, 'मैं गलती नहीं कर सकता, नहीं तो दानदाता मुझपर केसकर देंगे।' बेंच में शामिल जस्टिस खन्ना ने कहा, 'सभी जानकारियां सीलबंद लिफाफों में हैं और आपको केवल लिफाफों को खोलना है और जानकारी देनी हैं।' एडवोकेट ने कहा, 'मेरे पास इस बात की पूरी जानकारी है कि किसने बॉन्ड खरीदा और जानकारी यह भी है कि पैसा कहां से आया। अब मुझे खरीदने वालों के नाम भी डालने हैं।

# 'इंडिया टफ निगोशिएटर', भारत की डिप्लोमेसी का लोहा मान रही दुनिया, पहले अमेरिकी रिपोर्ट अब Swiss बयान

**भारत** और यूरोपीय फ्री ट्रेड एसोसिएशन के चार देशों के साथ एक अहम समझौता हुआ है. इस समझौते के तहत भारत और ईएफटीए के चार देशों के साथ व्यापार को बढ़ावा मिलेगा. इस एग्रीमेंट को मोदी सरकार की बड़ी जीत बताया जा रहा है. लेकिन भारत की कूटनीतिक जीत का ये कोई पहला उदाहरण नहीं है, इससे पहले एक अमेरिकी रिपोर्ट में सामने आया था कि 2022 के अंत में रूस-यूक्रेन पर परमाणु हमले की योजना बना रहा था. लेकिन इस हमले को रोकने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कुछ देशों के नेताओं ने मुख्य भूमिका निभाई थी. ऐसे में यह स्पष्ट हो जाता है कि बीते कुछ सालों में भारत की डिप्लोमेसी का लोहा पूरी दुनिया मान रही है.



इस ट्रेड एग्रीमेंट को लेकर स्विट्जरलैंड ने भारत को टफ निगोशिएटर बताया है. ईएफटीए के इन चार सदस्य देशों में स्विट्जरलैंड, आइसलैंड, नॉर्वे और लिकटेंस्टाइन शामिल है. स्विट्जरलैंड की आर्थिक मामलों की सचिव हेलेना बुडलिगर आर्टिडा ने इंडिया टुडे को बताया कि इस समझौते को लेकर हुई बातचीत एक मैराथन थी, ना कि कोई छोटी-मोटी दौड़. मुझे लगता है कि हमने पूरी शिद्दत के साथ इस समझौते को लेकर बातचीत की है.

# ममता बनर्जी ने बंगाल में एक भी सीट नहीं छोड़ी, इंडिया गठबंधन का क्या होगा

**कोलकाता.** पश्चिम बंगाल में इंडिया गठबंधन के सहयोगी दलों के बीच सीटों के बँटवारे पर जो कयास लगाए जा रहा था, आख़िर वे सच साबित हुए. इस साल जनवरी से ही 'एकला चलो' का राग अलापने वाली मुख्यमंत्री और सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने रविवार को 42 लोकसभा सीटों के लिए अपने उम्मीदवारों के नाम की घोषणा कर दी. ममता बनर्जी ने यह भी साफ़ कर दिया कि उनकी पार्टी राज्य में लोकसभा चुनाव में अकेले ही बीजेपी, कांग्रेस और सीपीएम का मुकाबला करेगी. वहीं दूसरी ओर, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि ममता ने साबित कर दिया है कि देश की किसी राजनीतिक पार्टी को उन पर भरोसा नहीं करना चाहिए. चौधरी ने कहा कि ममता बनर्जी ने बीजेपी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को खुश करने के लिए ऐसा किया है. ममता ने अपनी सूची में कई युवा चेहरों को शामिल कर उन्होंने एक संदेश भी देने का प्रयास किया है. लेकिन सूची में सबसे चौंकाने वाला नाम रहा क्रिकेटर यूसुफ पठान का।



# 'ओपेनहाइमर' को 7 अवॉर्ड, किलियन मर्फी बने बेस्ट एक्टर

**अमेरिका** के लॉस एंजलिस स्थित डॉल्बी थिएटर में 96वें अकैडमी अवॉर्ड्स यानी ऑस्कर्स 2024 का आयोजन हुआ. इस सेरेमनी में ओपनहाइमर फिल्म को बड़ी जीत हासिल हुई. फिल्म के एक्टर रॉबर्ट डाउनी जूनियर को उनका पहला ऑस्कर अवॉर्ड मिला. एक्टर किलियन मर्फी ने बेस्ट एक्टर और क्रिस्टोफर नोलन ने बेस्ट डायरेक्टर का अवॉर्ड जीता. दूसरे नंबर पर एमा स्टोन की फिल्म पूअर थिंग्स रही. ऑस्कर्स 2024 के मंच पर जॉन सीना ने न्यूड पहुंचकर खूब हलचल भी मचाई. डायरेक्टर क्रिस्टोफर नोलन की फिल्म ओपनहाइमर ने बेस्ट पिक्चर का अवॉर्ड जीता. ऑस्कर्स 2024 में ओपनहाइमर को 13 कैटेगरी में नॉमिनेशन मिला था, जिसमें से 7 में फिल्म ने अवॉर्ड जीते. इसमें बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर, बेस्ट एक्टर, बेस्ट डायरेक्टर भी शामिल है. एमा स्टोन ने जीता बेस्ट एक्ट्रेस का ऑस्कर अवॉड. 'स्टेज पर एक्ट्रेस इमोशनल हुईं. साथ ही उन्होंने बताया कि उनकी ड्रेस फट गई है और उनकी आवाज चली गई है. फिल्म ओपनहाइमर के लिए डायरेक्टर क्रिस्टोफर नोलन को मिला बेस्ट डायरेक्टर का अवॉड. 'ये बतौर डायरेक्टर उनका पहला ऑस्कर अवॉर्ड है.

# तक्षशिला प्रदेश के युवाओं के शैक्षणिक जीवन में सहायक सिद्ध होगा-वित्त मंत्री ओपी चौधरी

## भारत के इतिहास में तक्ष शिला को पुस्तकों का सबसे बड़ा व अनुपम संग्रह माना गया

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

**मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में मोर रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड यूथ हब प्रोजेक्ट अंतर्गत मोतीबाग रायपुर स्थित नव निर्मित 700 सीटर स्मार्ट रीडिंग जोन सह लाइब्रेरी तक्षशिला का लोकार्पण किए जाने की जानकारी सोशल मंच में साझा करते हुए विधायक रायगढ़ एवं वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा उपमुख्यमंत्री अरुण साव कैबिनेट मंत्री बृजमोहन अग्रवाल की उपस्थिति लाइब्रेरी का लोकार्पण जीवन का अनमोल क्षण है।**




चौधरी ने विश्वास जताते हुए कहा तक्षशिला प्रदेश के युवाओं के लिए पाठन और प्रेरणा का केंद्र बनकर उनके शैक्षणिक जीवन में सहायक सिद्ध होगा। इस संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा नालंदा परिसर लाइब्रेरी की तर्ज निर्मित इस स्मार्ट रीडिंग जोन छग की दूसरी बड़ी लाइब्रेरी का नाम तक्षशिला रखा गया है। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्रों के लिए निर्मित स्मार्ट रीडिंग रूम में ग्राउंड फ्लोर के साथ दो फ्लोर हैं। 750 स्टूडेंट्स एक साथ बैठकर पढ़ाई कर सकते है। नालंदा परिसर लाइब्रेरी की तरह ही यह लाइब्रेरी भी 24 घंटे खुली रहेगी। लाइब्रेरी में अध्यन हेतु निर्धारित फ ीस जमा कर सदस्यता देना शुरू कर दिया गया है। 8.05 करोड़ रुपए की लागत से बनी इस 750 सीटर अत्याधुनिक लाइब्रेरी में बायोमैट्रिक सिस्टम के जरिए ही प्रवेश दिए जाने की सुविधा है। वर्तमान में 10 हजार किताबें पढ़ने के लिए उपलब्ध हैं। लाइब्रेरी में डिजिटल रीडिंग जोन भी है। साथ ही सदस्यों के लिए लिफ्ट और मुफ्त वाईफ ाई की सुविधा भी मिलेगी। तक्षशिला परिसर के पार्किंग एरिया में फूड जोन के साथ 800 वाहनों के पार्किंग की सुविधा हैं। इस लाइब्रेरी में छात्र-छात्राओं के अलावा दिव्यांगों के लिए भी विशेष सुविधाएं बनाई गई है। दिव्यांग जनों को परिसर में आने, जाने, बैठने और पढ़ने में किसी तरह की परेशानी नहीं होगी। तक्षशीला में भी नालंदा परिसर की तरह सारी सुविधाएं दी जाएंगी। व्यापमं, पीएससी, यूपीएससी, रेलवे सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं जेईई, नीट की किताबे रहेंगी।




## एक नजर

### सशक्त नारी विकसित भारत कार्यक्रम में वर्चुअली जुड़ी जिले की स्वसहायता समूह की महिलाएं

#### जिले के 20 संकुल संगठनों द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाली 32487 लखपति दीदियों का हुआ सम्मान




**कोण्डागांव।** सोमवार को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पूसा नई दिल्ली में भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान में सशक्त नारी विकसित भारत कार्यक्रम में भाग लेते हुए देश भर की महिला स्वसहायता समूह की सदस्यों को संबोधित किया। इस अवसर पर कोण्डागांव के जिला पंचायत स्थित सभाकक्ष से स्वसहायता समूह की महिलाओं ने वर्चुअली भाग लिया। सभी ने प्रधानमंत्री का उद्बोधन सुनकर प्रेरणा ग्रहण करते हुए आजीविका कार्यों के नये नये तरीकों के बारे में जानकारी ली। इस अवसर पर जिले के विभिन्न विकासखण्डों के 20 संकुल संगठनों के भीतर आने वाली स्वसहायता समूह की सदस्यों को लखपति दीदी बनने एवं आजीविका के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 32487 समूह सदस्यों को सम्मानित किया गया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ नीलम टोप्पो, जिल मिशन प्रबंधक विनय सिंह सहित बड़ी संख्या में लखपति दीदियां उपस्थित रहीं।

### जिला स्तरीय शिक्षक एवं पालकों के एक दिवसीय उन्मुखीकरण प्रशिक्षण का हुआ आयोजन



**कोण्डागांव।** राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा, समावेशी शिक्षा अंतर्गत जिला स्तरीय शिक्षक एवं पालकों का एक दिवसीय उन्मुखीकरण प्रशिक्षण का आयोजन रविवार को कार्यालय कलेक्टर सभा कक्ष में आयोजित किया गया। इस आयोजन में कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार 21 प्रकार के दिव्यांगता की पहचान करते हुए उनके लक्षण, प्रकार एवं कारण से अवगत कराया गया साथ ही शासन की योजनाओं से मिलने वाले लाभों से अवगत कराया गया। जिला मिशन समन्वयक महेन्द्र नाथ पाण्डे के मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रशिक्षण में प्रारंभिक एवं माध्यमिक स्तर के समस्त विकासखण्ड से शिक्षकों एवं पालकों की शत प्रतिशत उपस्थिति रही। इस प्रशिक्षण में सहायक जिला परियोजना अधिकारी कवलसाय मरकाम, जिला कार्यक्रम समन्वयक समावेशी शिक्षा सुकटाराम मरावी, एपीसी रूप सिंह सलाम, निर्मल शार्दुल, बीईओ मनोज कुमार दुबे, मास्टर्स ट्रेनर्स बीआरपी समावेशी, स्पेशल एजूकेटर भी उपस्थित रहे।

### मंत्री बृजमोहन अग्रवाल का एयरपोर्ट में किया गया आत्मीय स्वागत



**जगदलपुर।** जिले में एक दिवसीय प्रवास में पहुँचे स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा, पर्यटन व संस्कृति एवं बस्तर जिला प्रभारी मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल का अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने आत्मीय स्वागत किया। स्थानीय मां दंतेश्वरी एयरपोर्ट में विधायक जगदलपुर श्री किरण देव, विधायक चित्रकोट श्री विनायक गोयल, विधायक दंतेवाड़ा श्री चैतराम अटामी, श्री पूर्व विधायक श्री संतोष बाफना, कमिश्नर श्री श्याम धावड़े, आईजी श्री सुंदरराज पी., कलेक्टर श्री विजय दयाराम के., पुलिस अधीक्षक श्री शलभ सिन्हा ने किया। इसके अलावा अन्य गणमान्य जनप्रतिनिधि ने स्वागत किया।



---

राजनांदगाव थाना सिटी कोतवाली पुलिस की कार्यवाही।

## फर्जी हस्ताक्षर कर बैंक से जमा रकम निकाल कर 3 वर्षों से फरार आरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** शमीम खान पति स्व0 शकील अहमद खान उम्र 70 वर्ष साकिन तुलसीपुर वार्ड नं. 17 राजनांदगांव की लिखित आवेदन जाच पर धारा 420 भादवि0 का अपराध घटित होना पाये जाने से आरोपी मेहताब अहमद खान पिता स्व0 शकील अहमद खान निवासी तुलसीपुर वार्ड नं. 18 राजनांदगांव के खिलाफ दिनांक 24.10.2021 को अपराध क्रमांक 689/21 धारा 420 भादवि0 कायम कर विवेचना में लिया गया। आरोपी घटना दिनांक 03.09.2021 को 12:00 बजे अपनी मां (प्रार्थियां) श्रीमती शमीम खान के स्टेट बैंक राजनांदगांव एवं बैंक आफ बडोदा के खाता में जमा रकम को प्रार्थियां के चेक को चोरी कर फर्जी हस्ताक्षर कर बैंक से 29 लाख 88 हजार रूपये को फर्जी तरिके से आहरण कर धोखाधड़ी कर घटना दिनांक से फरार था। विवेचना के दौरान प्रकरण में धारा 380 भादवि0 समाहित किया जाकर आरोपी पतासाजी हेतु लगातार प्रयास किया जा रहा था। श्रीमान् पुलिस अधीक्षक महोदय श्री मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक श्री अमित पटेल राजनादगांव के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व मे थाना कोतवाली से आरोपी के पतासाजी हेतु पुलिस टीम घटित कर तकनिकी सहायता से भोपाल पर होना पता चलने पर भोपाल टीम रवाना किया गया था, जहाँ मुखबीर की सूचना पर आरोपी मेहताब अहमद खान पिता स्व0 शकील अहमद खान उम्र 50 वर्ष निवासी तुलसीपुर वार्ड नं. 18 राजनांदगांव (छ0ग0) हाल- कोलार रोड़ अवंतिका होम फेस-01 जिला भोपाल (म0प्र0) को घेराबंदी कर पकड़ा गया, जिसे हिरासत में लेकर राजनांदगांव लाया गया।




## आज कोण्डागांव में होगा बस्तर संभाग स्तरीय प्राथमिक वनोपज समितियों और संयुक्त वन प्रबंधन समितियों का सम्मेलन

### जंगल जतरा 2024 का कोण्डागांव में होगा आयोजन, केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आयोजन में होंगे शामिल

**कोण्डागांव ।** वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग एवं जिला प्रशासन कोण्डागांव के संयुक्त तत्वाधान में 12 मार्च को बस्तर संभाग स्तरीय प्राथमिक वनोपज समितियों और संयुक्त वन प्रबंधन समितियों का सम्मेलन जंगल जतरा 2024 का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें बस्तर संभाग के कुल 216 प्राथमिक वनोपज समितियों तथा 2000 संयुक्त वन प्रबंधन समितियों के लगभग एक लाख पच्चीस हजार संग्राहक, प्रबंधक, समिति सदस्य उपस्थित रहेंगे । कोण्डागांव जिला मुख्यालय में स्थित विकास नगर स्टेडियम में आयोजित जंगल जतरा 2024 कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री श्री अर्जुन मुंडा, मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन श्री विष्णुदेव साय, वनमंत्री श्री केदार कश्यप के साथ ही कार्यक्रम में विशिष्टि अतिथि के रूप में कांकेर सांसद श्री मोहन मण्डावी, बस्तर सासद दीपक बैज, विधायक किरण सिंह देव, सुश्री लता उसेण्डी, विक्रम उसेण्डी, नीलकण्ठ टेकाम, आशाराम नेताम, विनायक गोयल, चैतराम अटामी, श्री कवासी लखमा जी, श्रीमति सावित्री मनोज मंडावी, विक्रम मण्डावी, लखेश्वर बघेल सहित छ.ग.रा.ल. व. संघ मर्यादित रायपुर के प्रदेश पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य, संभाग जिला पंचायत पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहेंगे।




## शिक्षक एलबी संवर्ग की पहली प्राथमिकता प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना की मांग

**कोण्डागांव।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन जिला कोण्डागांव के प्रांतीय निर्णयानुसार दिनांक 10 मार्च 2024 को बी.आर.सी. भवन कोण्डागांव में संकुल, विकासखंड, जिला एवं प्रांतीय पदाधिकारियों सहित ऊर्जावान सदस्यों की आवश्यक बैठक आयोजित की गई । बैठक में जिला संयोजक श्री अखिलेश राय को छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश मंत्री बनाए जाने पर संघ पदाधिकारियों ने बधाई देते हुए संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाने हेतु शुभकामनाएं दी । जिला स्तरीय बैठक में सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने एकमत से निर्णय लिया कि शिक्षक एलबी संवर्ग को एकजुट होकर प्रथम नियुक्ति से सेवा की गणना करने हेतु शासन प्रशासन से पूरजोर ढ़ंग से मांग की



## कोंडागॉव पुलिस ने अंतर्राज्यीय 03 गांजा तस्कारो को किया गिरफ्तार

**कोण्डागांव।** जिला कोण्डागांव में पुलिस अधीक्षक श्री वाय0 अक्षय कुमार भा0पु0से0 के द्वारा अवैध गजा तस्करी करने वालो पर लगातार कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है निर्देश् के पाल्न् मे अति0 पुलिस अधीक्षक दौलतराम पोते व रुपेश कुमार दान्डे के मार्गदर्शन में दिनांक 10/03/2023 को पुलिस अनुविभागीय अधिकारी कोण्डागाव श्री निमितेश सिंह के नेतृत्व में कोण्डागाव पुलिस ने गाजा परिवहन करने वाले आरोपी सोनु कुशवाहा जिला कासगंज उत्तर प्रदेश, राहुल देव जाटव न्यू दिल्ली मोहित गुप्ता जिला उधमसिंह नगर उत्तराखण्ड को किया गिरफ्तार। मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है ।




## महतारी वंदन योजना की पहली किश्त आने से आयी चेहरों पर मुस्कान

**कोण्डागांव।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में 10 मार्च को महिलाओं के लिए विशेष बनाने के लिए रविवार को महतारी वंदन सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा वर्चुअली रिमोट का बटन दबाकर महतारी वंदन योजना की पहली किश्त का अंतरण प्रदेश की 70 लाख से अधिक महिलाओं के खातों में किया। जिसके तहत जिले की 01 लाख 42 हजार महिलाओं के खाते में 1000 रुपये की राशि का अंतरण होते ही महिलाओं में खुशियों की लहर दौड़ गयी। सम्मेलन में आयी सभी महिलाओं ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ इसका स्वागत करते हुए खड़े होकर प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री का अभिवादन किया। इस अवसर पर महिलाओं में उत्साह देखते ही बन रहा था।

इस कार्यक्रम में राजधानी रायपुर से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी वर्चुअली शामिल हुए थे। कोण्डागांव जिले में जिला मुख्यालय के साथ साथ सभी विकासखण्ड मुख्यालय एवं नगरीय निकाय क्षेत्रों में महतारी वंदन सम्मेलन का आयोजन किया गया।



## हितग्राही मूलक योजनाओं का बेहतर हो क्रियान्वयन - मंत्री बृजमोहन अग्रवाल

### प्रभारी मंत्री श्री अग्रवाल ने विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

**जगदलपुर।** स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा, पर्यटन व संस्कृति एवं बस्तर जिला प्रभारी मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि केंद्रीय और प्रदेश सरकार की हितग्राही मूलक योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन किया जाए ताकि पात्र हितग्राही को योजना का लाभ मिल सके। इससे प्रभावित होकर अन्य व्यक्ति भी योजनाओं का लाभ ले सकते हैं। प्रभारी मंत्री श्री अग्रवाल सोमवार को जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में आयोजित विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा बैठक ली। बैठक में मंत्री ने कहा कि बस्तर की विभिन्न शिल्प कलाओं की अलग पहचान है इसकी मांग देश-विदेश में है। इनके शिल्पकारों को चिन्हांकित कर शिल्प कला और कलाकारों को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि विकसित छत्तीसगढ़ बनाने के लिए बस्तर के सभी ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्य को गति देना आवश्यक है। ताकि नक्सल गतिविधियों पर अंकुश विकास के माध्यम से सुनिश्चित किया जा सके।




बैठक में विधायक जगदलपुर श्री किरण देव, विधायक बस्तर श्री लखेश्वर बघेल, विधायक चित्रकोट श्री विनायक गोयल, विधायक दन्तेवाड़ा श्री चैतराम अटामी, महापौर श्रीमती सफीरा साहू, कलेक्टर श्री विजय दयाराम के., पुलिस अधीक्षक श्री शलभ सिन्हा, जिला पंचायत सीईओ श्री प्रकाश सर्वे, वनमण्डलाधिकारी श्री उत्तम गुप्ता सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में विधायकों द्वारा अपने क्षेत्र से संबंधित विकास कार्यों और समस्याओं से भी प्रभारी मंत्री को अवगत कराया गया।




## सड़क निर्माण के लिए विधायक रामकुमार टोप्पो ने किया भूमिपूजन

जोहार छत्तीसगढ़-सीतापुर।

सीतापुर विधानसभा क्षेत्र की विधायक रामकुमार टोप्पो ने आज अपने विधानसभा क्षेत्र के नवानगर भटौली सीतापुर ग्राम पंचायत में नया रोड निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया। आपको बता दे कि विधानसभा चुनाव के बाद यह पहला मौका है जहां विधायक रामकुमार टोप्पो अपने विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्राम पंचायत में नया रोड निर्माण कार्य का भूमि पूजन कर रहे हैं,विधानसभा क्षेत्र में विकास की रफ्तार को तेज करने और ग्रामीणों को सुख सुविधा मुहैया करवाने के लिए विधायक रामकुमार टोप्पो के द्वारा निरंतर प्रयास किया जा रहा हैं। वहीं ग्रामीण अंचलों में जर्जर सड़कों को अच्छा करवाकर ग्रामीणों को जर्जर सड़क से निजात दिलाने के लिए विधायक रामकुमार टोप्पो ने एक दिन में सीतापुर विधानसभा क्षेत्र के 10 ग्राम पंचायतों में नया रोड निर्माण कार्यों का भूमि पूजन किया, वही के भूमि पूजन में सीतापुर विधायक ने टिरंग ग्राम पंचायत में नया सड़क निर्माण कार्य का उद्घाटन वहां के स्थानीय बच्चों से कराया, वही ग्राम के बैगा पंडा और देवार लोगों से भुमि पूजन का पूजा कराया। वहीं विधायक रामकुमार टोप्पो ने कहा किए सीतापुर विधानसभा के नवानगर बतौली और सीतापुर क्षेत्र के 10 ग्राम पंचायतों में पीएम जीएसवाई रोड निर्माण का भूमि पूजन किया हैए जो हमारे विधानसभा के दूर दराज के गांव है जो रोड की वजह से कटे हुए हैं उनको अपने मुख्य धाराओं से जोड़ना है, वही विधायक ने कहा कि बच्चे देश के भविष्य और हमें उनको हर क्षेत्र में आगे लाना है। वही पंडा,बैगा को लेकर उन्होंने कहा कि यह हमारे पहले के पुजारी और इन्हीं से पहले पूजा पाठ कराया जाता था इसलिए उनसे भी भूमि पूजन कराया गया।





# मुख्यमंत्री विष्णुदेव ने किया तक्षशिला रीडिंग जोन सह लाइब्रेरी का लोकार्पण

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रायपुर शहर में मोतीबाग में बनी नवनिर्मित स्मार्ट रीडिंग जोन सह लाइब्रेरी तक्षशिला का लोकार्पण किया। नालंदा परिसर की तर्ज पर स्थापित इस नई लाईब्रेरी से प्रतियोगी परिक्षाओं की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों को फायदा होगा। साथ ही नालंदा लाईब्रेरी पर सदस्यता और पठन-पाठन का दबाव भी कम होगा। मुख्यमंत्री श्री साय युवाओं के साथ परिचर्चा की और उन्हें स्थायी सदस्यता कार्ड भी दिए। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री श्री अरूण साव, शिक्षा मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल, वित मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी, लोकसभा सांसद श्री सुनील सोनी, रायपुर ग्रामीण विधानसभा के विधायक श्री मोतीलाल साहू, धरसींवा विधानसभा के विधायक श्री अनुज शर्मा, रायपुर नगर निगम के महापौर श्री एजाज ढ़ेबर तथा नगर निगम की नेता प्रतिपक्ष श्रीमती मीनल चौबे भी मौजूद रहे। कलेक्टर डॉ गौरव सिंह ने मुख्यमंत्री को बताया कि शहर के मध्य में शैक्षणिक केंद्र विकसित करने के उद्देश्य से प्रदेश का दूसरा सबसे बड़ा लाइब्रेरी का निर्माण किया गया है। इससे प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले युवाओं को अच्छी सुविधाओं का लाभ मिलेगा। लाइब्रेरी में पढ़ने के लिए 550 युवाओं ने निर्धारित शुल्क जमा कर सदस्यता सुनिश्चित की गई है। इस 750 सीटर लाइब्रेरी का आठ करोड़ रूपए की लागत से निर्माण किया गया है। कलेक्टर ने बताया कि अत्याधुनिक लाइब्रेरी में बायोमेट्रिक सिस्टम के जरिए ही अधिकृत सदस्यों को प्रवेश दिया जाएगा। दो मंजिला बिल्डिंग में 750 पाठकों को एक साथ बैठकर पढ़ने की सुविधा मिलेगी और वर्तमान में 10 हज़ार किताब उपलब्ध है। लाइब्रेरी में डिजिटल रीडिंग जोन भी बनाया गया है। सदस्यों को लिफ्ट के साथ नि:शुल्क वाई-फाई की सुविधा भी मिलेगी। डॉ सिंह ने बताया कि तक्षशिला परिसर में 800 वाहनों की पार्किंग की सुविधा मिलेगी और पार्किंग एरिया में फूड जोन भी बनाया गया है। इस लाइब्रेरी में छात्र-छात्राओं के अलावा दिव्यांगों को भी बेहतर सुविधा मिलेगी। कल 11 मार्च से सदस्य रीडिंग जोन सह लाइब्रेरी का लाभ ले सकेंगे।





**युवाओं के साथ परिचर्चा कर प्रतियोगी परीक्षार्थियों के लिए दी शुभकामनाएं**

**750 सीटर सर्वसुविधायुक्त लाइब्रेरी विद्यार्थियों के लिए 24 घंटे खुली रहेगी, अभी 550 विद्यार्थियों ने ली सदस्यता**

**11 मार्च से रीडिंग जोन सह लाइब्रेरी में पढ़ सकेंगे विद्यार्थी**

### रूफटॉप पर भी मिलेगा पढ़ाई का अवसर

तक्षशिला लाइब्रेरी के रूफटॉप पर भी बेहतर वातावरण के बीच पढ़ाई करने की व्यवस्था होगी। लाइब्रेरी की छत पर सदस्यों के बैठने के लिए टेबल और कुर्सी लगाए गए हैं।

# किसान महाकुंभ में भाटापारा क्षेत्र के कार्यकर्ता शामिल हुए



**रायपुर।** भाजपा किसान मोर्चा के किसान महाकुंभ सम्मेलन शामिल होने केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह रायपुर पहुंचे थे। उनका रायपुर एयरपोर्ट में भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने स्वागत किया। साथ ही राजनाथ सिंह के भाषण सुनने के लिए शिवरतन शर्मा के साथ भाटापारा विधानसभा क्षेत्र से सैकड़ों किसान मोर्चा के कार्यकर्ता शामिल हुए।

इस अवसर पर राजनाथ सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ में विष्णु देव की सरकार बनते ही रुके हुए विकास काम तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। छत्तीसगढ़ को 5 साल में कांग्रेस ने बर्बाद किया। भाजपा अब संवारने का काम कर रही है। छत्तीसगढ़ के अंदर अद्भुत सामर्थ्य है। छत्तीसगढ़ किसानों का गढ़ है, हमें अपने किसान भाइयों को बढ़ाना पड़ेगा तब छत्तीसगढ़ राज्य आगे बढ़ सकेगा। रक्षा मंत्री ने कहा कि गरीब, किसान, बेरोजगारों का स्तर ऊपर उठना चाहिए, इस दिशा में हमने कदम आगे बढ़ाया है।

जिस प्रकार की नीतियां हमारे प्रधानमंत्री ने बनाई है उससे हिंदुस्तान की 25 करोड़ जनता गरीबी से बाहर आ चुकी है। कार्यक्रम में किसान मोर्चा अध्यक्ष गोविंद पटेल, संजय सिंह ठाकुर, उमाशंकर वर्मा, चंद्र प्रकाश साहू, मोहन तिवारी सहित बड़ी संख्या में भाजपा किसान मोर्चा के कार्यकर्ता शामिल हुए। भाटापारा। किसान महाकुंभ में पहुंचे किसान मोर्चा के कार्यकर्ता।

# राज्य स्तरीय पंचायत प्रतिनिधियो के महापंचायत में प्रचार सामग्री का निशुल्क वितरण

## आमजन ,सरकार की योजनाओ से हुए वाकिफ़ लोगो ने सराहा



**रायपुर ।** राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में आज पंचायत प्रतिनिधियो के राज्य स्तरीय महापंचायत में प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमो पर आधारित जनसंपर्क संचालनालय द्वारा प्रकाशित सामग्री का नि:शुल्क वितरण किया जा रहा है । इनमें मोदी की गारन्टी पॉकेट बुक, विष्णु देव के त्वरित निर्णयों से हो रहा है सुशासन का सूर्योदय, रामलला का सचित्र केलेण्डर सुशासन के दो माह पुस्तक सहित मासिक पत्रिका छत्तीसगढ़ जनमन के फरवरी अंक का वितरण किया जा रहा है।

प्रचार सामग्री प्राप्त करने के लिए त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं जिसमे जिला ,जनपद एवं ग्राम पंचायत के प्रतिनिधियो का जनसमूह उमड़ पड़ा । बड़ी तादात में आये जनसमुदाय ने पुस्तको का अवलोकन करने के पश्चात कहा कि विष्णु देव सरकार ने अल्प समय मे ही जनहित कारी फैसले लेकर उनका क्रियान्वयन भी शुरू कर दिया है। इससे आम लोगो के जीवन मे बदलाव आ रहा है।

राज्य सरकार ने शपथ के दूसरे दिन ही प्रदेश के 18 लाख गरीबो के लिए प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत किये है। अटल जी के जन्मदिवस सुशासन दिवस के मौके पर प्रदेश के 13 लाख किसानों को धान उपार्जन के 2 साल के अन्तर की राशि 3716 करोड़ रु किसानों के खाते में अंतरित की है। महतारी वन्दन योजना प्रति हजार एक हजार के मान से साल में 12 हजार रु,रामलला दर्शन योजना हर साल हजारो प्रदेश वासी अयोध्या की नि:शुल्क तीर्थ यात्रा पर जाएंगे 3100 प्रति क्विंटल की दर से किसानों से 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान का उपार्जन तेंदूपत्ता संग्रहण के बढ़े दाम अब 4 हजार के स्थान पर 5500 रु प्रति मानक बोरा छ ग पी एस सी भर्ती परीक्षा 2021 में अनियमितता की शिकायतो की सी बी आई जांच का फैसला शामिल है।












*रायपुर। महापंचायत, पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन 2024 में शामिल होने साइंस कालेज ग्राउंड पहुंचे केंद्रीय पंचायती राज्य मंत्री श्री कपिल मोरेश्वर पाटिल। उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा, खाद्य मंत्री श्री दयालदास बघेल, स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल, राजस्व मंत्री श्री टंकराम वर्मा, लोकसभा सांसद श्री सुनील सोनी, राज्यसभा सांसद श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह, विधायकगण सर्वश्री मोतीलाल साहू, पुरंदर मिश्रा, अनुज शर्मा और गुरू खुशवंत साहेब भी मंचासीन।*

## अपराध

# आवास एवं पर्यावरण मंत्री चौधरी ने की छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के कार्यो की समीक्षा



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के आवास एवं पर्यावरण मंत्री ओपी चौधरी ने सोमवार को शंकर नगर स्थित अपने निवास कार्यालय में छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के कार्यों की समीक्षा की है। ओपी चौधरी ने वरिष्ठ विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति में मंडल के पूर्व निर्मित, प्रगतिरत एवं आगामी परियोजनाओं के संबंध में जानकारी ली। ओपी चौधरी ने समीक्षा बैठक में विभागीय अधिकारियों को प्रगतिरत परियोजनाओं को उच्च गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूर्ण करने तथा रहवासियों को उच्चस्तर की आधुनिक सुविधाएं प्रदान करने के निर्देश दिए हैं।

# अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर डी- मैक द्वारा उत्कृष्ट नारी सम्मान का आयोजन हुआ

## कला,लेखन,विज्ञान व सामाजिक कार्यो में भागीदारी देने वाली महिलाओं का हुआ सम्मान

**दल्लीराजहरा।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दल्ली मॉडर्न आर्ट क्लब डी मैक द्वारा नगर के विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर रही है महिलाओं का सम्मान किया गया। संचालक विजय बोरकर ने बताया कि हर वर्ष हम महिला दिवस के अवसर पर भिन्न भिन्न क्षेत्रो में कार्य कर रहे प्रेरणादायक महिलाओं का चयन कर उनका सम्मान करते है। इस वर्ष नगर के साहित्य, विज्ञान, शिक्षा, संस्कृति एवं प्रशासनिक पदों पर अपनी सेवाएं दे रहे महिलाओ का सम्मान किया गया। सम्मान में दल्ली राजहरा नगर की शिक्षा के क्षेत्र से एमबीबीएस गोल्ड मेडलिस्ट डॉ अंकिता देवांगन, विज्ञान के क्षेत्र में इसरो गुड़गांव एवं चंद्रयान प्रोजेक्ट में केमिकल इंजीनियर भावना साहू, साहित्य के क्षेत्र में वरिष्ठ लेखिका शिरोमणी माथुर, कला के क्षेत्र में लोकगायिका टी ज्योति, सामाजिक कार्यो में अग्रसर महिला समाज एवं प्रशासनिक सेवा में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे है नगर पुलिस महानिरीक्षक डॉ चित्रा वर्मा एवं अनुविभागीय दंडाधिकारी प्रतिमा ठाकरे झा का सम्मान किया गया। इस अवसर पर दिमाग के कलाकारों द्वारा विभिन्न रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गयी। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप मैं नगर पालिका अध्यक्ष शिबू नायर उपस्थित थे। रेट्रो थीम पर आयोजित इस कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों ने 70 एवं 80 के दशक के वेशभूषा में अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम रैंप वॉक, बेस्ट कॉस्ट्यूम, स्टूडेंट ऑफ द ईयर का पुरस्कार भी वितरण किया गया। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में संचालक विजय बोरकर, एम एस श्रीजीत, माइल्स इस मिलन, गायत्री,सुरेश एवं ओमकार का विशेष योगदान रहा।



# सौंदर्यीकरण के नाम पर 2 करोड़ का काम 2 साल में कबाड़



**रायपुर।** राजधानी के तेलीबांधा थाना से वीआईपी चौक तक 2 करोड़ खर्च कर कराया गया सौंदर्यीकरण और डिवाइडर निर्माण कार्य की अब जांच होगी। डिवाइडर निर्माण में गड़बड़ी का मामला विधानसभा में उठने के बाद राज्य शासन ने सौंदर्गीकरण और डिवाइडर निर्माण में हुई गड़बड़ी की जांच करने के आदेश दिये हैं।

विधानसभा में मामला उठने के बाद 4 सदस्यीय समिति पूरे मामले की जांच कर शासन को इसकी रिपोर्ट देगी। तेलीबांधा थाना से वीआईपी रोड तिराहे को चमकाने और डिवाइडर निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठने लगे हैं।

राज्योत्सव से पहले बाहर के राज्यों से आए अतिथियों और कलाकार को रिझाने आनन- फानन में कंक्रीट पर हरियाली दिखाने लगाई गई कृत्रिम घास बिछाई गई। यह घास 2 साल में भी जगह-जगह से उखड़कर कर बेरंग हो गई है। तेलीबांधा से एयरपोर्ट आने-जाने वाले रास्ते में डिवाइडर के बीच महंगे सजावटी सामान बाहर से मंगाकर आनन-फानन में लगाए गए, यह सामान जगह-जगह टूटने लगे है। कंक्रीट की परत उखड़ने से निर्माण कार्य की गुणवत्ता खुलकर सामने आई है। सूत्रों के मुताबिक 2 साल पूर्व हुए डिवाइडर निर्माण और सौंदर्गीकरण का काम बिना टेंडर के कराया गया। यह कार्य जोन 10 क्षेत्र में हुआ है। आरोप ये है कि पूववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में बिना टेंडर के कराए गए काम में सत्ता पक्ष के नेता व उनके चहेते ठेकेदार को उपकृत करने आनन-फानन में निर्माण कार्य कराया गया।

पिछले दिनों छत्तीसगढ़ विधानसभा में पूर्व मंत्री व विधायक अजय चंद्राकर ने तेलीबांधा थाना से वीआईपी चौक तक सौंदर्यीकरण और डिवाइडर निर्माण मामले को विधानसभा में उठाया। इस पर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री और नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव ने विधानसभा में इसकी जांच के लिए समिति बनाने की घोषणा की। संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन विभाग ने इसका हवाला देते हुए अवर सचिव नगरीय प्रशासन विभाग को जांच के लिए समिति गठित करने आदेश जारी कर पत्र लिखा। समिति में रायपुर संभाग आयुक्त अध्यक्ष, अपर कलेक्टर, नगरीय प्रशासन विभाग के चीफ इंजीनियर और संयुक्त संचालक जांच समिति के सदस्य बनाए गए हैं।

क्योंकि अपने हाथों में अपनेपन का जादू होता है.....

# मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी ने अपने जन्मदिन पर आयोजित न्योता भोज में अपने हाथों से बनी खीर बच्चों को परोसी









**रायपुर।** अपने जन्मदिन के अवसर पर आयोजित न्योता भोज में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या साय ने अपने हाथों से बनी खीर और केक बच्चों को खिलाई और उन्हें ढेर सारा स्नेह दिया। न्योता भोज का आयोजन सरदार प्रीतम सिंह सैनी प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला श्यामनगर में और शासकीय बालिका गृह खम्हारडीह में किया गया। उन्होंने अपने परिवार जनों और बच्चों के साथ न्योता भोज भी किया। इस मौके पर श्रीमती साय ने बच्चों से पूछा कि खीर कैसी बनी है। बच्चों ने बताया कि खीर बहुत अच्छी बनी है। उन्होंने बच्चों को बताया कि अपने जन्मदिन पर हम लोग हमेशा खीर बनाते हैं। मेरे बच्चों को भी खीर बहुत प्रिय है। आप सब बहुत प्यारे बच्चे हैं इसलिए आपके लिए भी अपने जन्मदिन पर आज खीर बनाकर लाई हूं। श्रीमती कौशल्या साय ने बच्चों से पढ़ाई लिखाई और बच्चों की छोटी-छोटी शरारतों के बारे में ढेर सारी बातें की। उन्होंने स्कूल के शिक्षकों से भी बच्चों की पढ़ाई लिखाई के बारे में चर्चा की।

***सीएम मैडम के जन्मदिन पर बच्चों ने भी खूब मस्ती, मैडम के गालों में लगाया केक बच्चों ने डांस भी किया, गाना गाकर दी जन्मदिन की बधाई***

श्रीमती कौशल्या साय ने चर्चा में बताया कि उन्हें साय जी ने बताया कि हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण अभियान संचालित कर रहे हैं। यह बहुत सुंदर अभियान है। इसके तहत प्रधानमंत्री जी ने सबसे आग्रह किया है कि अपना जन्मदिन और जीवन के खास अवसरों को स्कूली बच्चों के साथ मनाएं। वे बच्चों को भोजन कराएं और स्वयं बच्चों के साथ भोजन करें। जब साय जी यह बता रहे थे, उसी समय मैंने निश्चय किया था कि मैं अपना जन्मदिन स्कूली बच्चों के साथ मनाऊंगी। जिस तरह से मैं हर साल अपने बच्चों के जन्मदिन पर खीर बनती हूं। उसी तरह से इस बार भी मैं अपने हाथों से खीर तैयार करूंगी और स्कूली बच्चों को खिलाऊंगी। आज बच्चों ने बहुत रुचि से खीर खाई। यह मेरा सौभाग्य है कि उन्हें मेरे हाथों की बनाई हुई खीर पसंद आई है।

# मुख्यमंत्री बोले-युवाओं का भविष्य संवारना सरकार की जिम्मेदारी

**रायपुर।** रायपुर शहर के बैजनाथ पारा में नव निर्मित तक्षशिला लाईब्रेरी और डिजिटल रीडिंग जोन का शुभारंभ करते हुए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कहा कि देश-प्रदेश के युवाओं का भविष्य संवारना सरकार की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही विकास का मूलमंत्र है। पढ़-लिखकर ही युवा डॉक्टर, इंजीनियर, वैज्ञानिक और अधिकारी बन सकते है। पढ-लिख कर ही देश की सेवा कर सकते है और देश के विकास में भागीदार हो सकते हैं। मुख्यमंत्री ने इस दौरान प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रति युवाओं के उत्साह और तैयारियों की लगन को देखते हुए रायपुर शहर में नालंदा परिसर की तर्ज पर एक और सुसज्जित लाईब्रेरी स्थापित करने की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को विकसित भारत के रूप में संवारने का संकल्प लिया है और हमें छत्तीसगढ़ को विकसित छत्तीसगढ़ बनाकर इस अभियान में भागीदारी करनी है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं और बधाई दी। मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों को मन लगाकर पढ़ने, मेहनत करने की समझाईश भी दी। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री श्री अरूण साव, शिक्षा मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल, वित मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी, लोकसभा सांसद श्री सुनील सोनी, रायपुर ग्रामीण विधानसभा के विधायक श्री मोतीलाल साहू, धरसींवा विधानसभा के विधायक श्री अनुज शर्मा, रायपुर नगर निगम के महापौर श्री एजाज ढ़ेबर, नगर निगम की नेता प्रतिपक्ष श्रीमती मीनल चौबे सहित कलेक्टर डॉ गौरव सिंह और नगर निगम आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा भी मौजूद रहे।

**परीक्षार्थियों के लिए रायपुर शहर मे एक और लाईब्रेरी बनेगी**

**पीएससी परीक्षा की सीबीआई जांच पर मुख्यमंत्री का प्रतियोगियों ने जताया आभार**

### पीएससी परीक्षा की जांच सीबीआई से कराने पर प्रतियोगियों ने जताया आभार -

राज्य सरकार द्वारा पीएससी परीक्षा की गड़बड़ियों की जांच केन्द्रीय जांच एजेंसी सीबीआई को सौंपने के सरकार के फैसले पर प्रतियोगी परीक्षाओं के विद्यार्थियों ने मुख्यमंत्री श्री साय के प्रति आभार व्यक्त किया।

## हीरामंडी का गाना सकल बन गाना हुआ रिलीज




संजय लीला भंसाली के निर्देशन में बनी वेब सीरीज हीरामंडी- द डायमंड बाजार का हर कोई बेसब्री से इंतजार कर रहा है। यह सीरीज लंबे समय से सुर्खियों में बनी हुई है। इस सीरीज के साथ ही भंसाली ओटीटी पर अपना डेब्यू करने जा रहे हैं। भंसाली की जबरदस्त फिल्में देखने के बाद दर्शक उनकी पहली सीरीज की राह देख रहे हैं। कुछ दिनों पहले ही इस सीरीज का टीजर जारी किया गया था, जिसे लोगों ने काफी प्यार दिया था। अब इसके मेकर्स ने हीरामंडी का पहला गाना सकल बन जारी कर दिया है। वेब सीरीज हीरामंडी- द डायमंड बाजार का पहला गाना सकल बन आज 9 मार्च को जारी कर दिया गया है। गाने में देखा जा सकता है कि भव्य सेट के साथ शानदार कलाकारों की जोड़ी ने इस गाने में चार चांद लगा दिए हैं।

## फरहान अख्तर की डॉन 3 के लिए कियारा आडवाणी ने लिए 13 करोड़ रुपये?



कियारा आडवाणी को आखिरी बार फिल्म सत्यप्रेम की कथा में देखा गया था इस फिल्म ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 77.55 करोड़ रुपये का कारोबार किया था।अब कियारा फिल्म डॉन 3 में नजर आएंगी, जिसके निर्देशन की कमान फरहान अख्तर ने संभाली है।अफवाहों का बाजार गर्म है कि इस फिल्म के लिए कियारा ने 13 करोड़ रुपये चार्ज किए हैं, जो अभी तक उनके करियर की सबसे ज्यादा फीस है। हालांकि, इन खबरों में कोई सच्चाई नहीं है।

रिपोर्ट के मुताबिक, 13 करोड़ रुपये फीस लेने वाली खबर महज एक अफवाह है।एक सूत्र ने कहा, यह फीस अपने आप में सोची गई जैसी लगती है। एकमात्र बात यह है कि अभी तक सितारों के साथ किसी फीस पर चर्चा नहीं की गई है, यहां तक कि रणवीर सिंह के साथ भी नहीं।डॉन 3 में कियारा की जोड़ी दिग्गज अभिनेता रणवीर सिंह से होगी, जिसे पहली बार देखा जाएगा।

डॉन 3 सुपरहिट फ्रैंचाइजी डॉन की तीसरी किस्त है। यह फिल्म साल 2025 में सिनेमाघरों में रिलीज होगी।शाहरुख खान के साथ डॉन की पहली दोनों किस्तों को बड़े बजट पर ही बनाया गया था, लेकिन अब फरहान का लक्ष्य इसे वैश्विक फिल्म बनाना है।डॉन 3 को 275 करोड़ रुपये की लागत में बनाया जा रहा है। इसे फरहान, रितेश सिधवानी के साथ मिलकर बना रहे हैं।इस फिल्म की शूटिंग अगस्त, 2024 से शुरू हो जाएगी।

पलक तिवारी ने मिनी ड्रेस में बिखेरा जलवा

## एक्ट्रेस की दिलकश अदाओं ने यूजर्स को बनाया दीवाना

श्वेता तिवारी की लाडली व एक्ट्रेस पलक तिवारी सोशल मीडिया पर काफी लोकप्रिय हैं. आए दिन वे अपनी सिजलिंग पोस्ट के जरिए फैंस का दिल अपने नाम करती रहती हैं. हाल ही में एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर कुछ हॉट तस्वीरें शेयर की हैं, जिसे देखने के बाद आपका दिल धक-धक करने लगेगा. पलक तिवारी ने पिंक कलर की मिनी ड्रेस पहनी है.

लाइट मेकअप क साथ बालों को खास अंदाज में संवारा है और एक से बढ़कर एक पोद दे रही हैं. एक्ट्रेस की ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो गई है और दीवाने हुए फैंस एक्ट्रेस की खूबसूरती की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं. एक्ट्रेस पलक तिवारी हमेशा अपने हॉट एंड स्टनिंग लुक से सोशल मीडिया पर फैंस के बीच लाइमलाइट लूट लेती हैं। वो जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल होने लगती हैं। साथ ही फैंस उनकी तारीफ करते हुए भी नहीं थकते हैं। एक्ट्रेस पलक तिवारी अपनी एक्टिंग से ज्यादा अपने लुक्स के लिए जानी जाती हैं। हालांकि इन तस्वीरों को देखकर फैंस उनकी तारीफों के पुल बांधते नहीं थक रहे हैं। पलक तिवारी ने सलमान खान की फिल्म किसी का भाई किसी की जान से बॉलीवुड में डेब्यू किया है। बता दें कि अब वो जल्दी ही द वर्जिन ट्री टाइटल से बन रही फिल्म में दिखाई देंगी। एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। और आए दिन अपनी फोटोज और वीडियोज इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर करती रहती हैं।



## शैतान की हुई बंपर ओपनिंग, अजय ने अपनी ही फिल्म तानाजी का तोड़ा रिकॉर्ड




अजय देवगन और आर माधवन की साल 2024 की मोस्ट अवेटेड फिल्म 'शैतान' इस शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज हुई. इस फिल्म के रोंगटे खड़े कर देने वाले ट्रेलर के रिलीज के बाद से ही 'शैतान' को लेकर काफी बज बना हुआ था और फैंस काफी बेसब्री से इसके सिनेमाघरों में दस्तक देने का इंतजार कर रहे थे. वहीं महाशिवरात्रि के मौके पर 'शैतान' को मेकर्स ने दर्शकों के हवाले कर दिया और इसे देखने के लिए थिएटर्स में ऑडियंस की भीड़ उमड़ पड़ी. इसी के साथ 'शैतान' ने रिलीज के पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर गर्दा उड़ा दिया. चलिए यहां जानते हैं अजय देवगन स्टारर फिल्म ने रिलीज के पहले दिन कितने करोड़ा से ओपनिंग की?

हॉरर ड्रामा 'शैतान' का रिलीज से पहले ही काफी क्रेज देखा जा रहा था. सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म के पहले दिन के लिए 1.76 लाख टिकटों की प्री सेल हुई थी और इसने एडवांस बुकिंग में ही 4.14 करोड़ की कमाई कर ली थी और सिनेमाघरों में पहुंचते ही 'शैतान' ने दर्शकों को अपने वश मे कर लिया और इसी के साथ फिल्म को ऑडियंस से काफी शानदार रिस्पॉन्स मिला. 'शैतान' को फर्स्ट डे देखने वाले लोगों ने सोशल मीडिया पर भी इसकी जमकर तारीफ की है और इस साल 2024 की ब्लॉकबस्टर फिल्म तक बताया है।

मर्डर मुबारक का पहला गाना याद आवे जारी

## 15 मार्च को नेटफ्लिक्स पर दस्तक देगी सारा, करिश्मा की फिल्म



होमी अदजानिया के निर्देशन में बन रही फिल्म सारा अली खान और विजय वर्मा की मोस्ट अवेटेड फिल्म मर्डर मुबारक को लेकर फैंस काफी एक्साइटेड हैं और इसके रिलीज होने का वेट कर रहे हैं. इसी बीच फिल्म का पहला ब्रेकअप और इमोशनल गाना याद आवे रिलीज कर दिया गया है. गाने को खूब पसंद किया जा रहा है. गाने के वीडियो में विजय वर्मा और सारा अली खान के बीच कुछ इमोशनल और दर्द भरे पल को साफ देखा जा सकता है. इस गाने को देखने के बाद दर्शक भी इस गाने के साथ खुद को कनेक्ट कर पाएंगे. गाने के बोल काफी शानदार हैं. इस गाने को सचिन-जिगर, सिमरन चौधरी और वरुण जैन ने साथ मिलकर गाया है. गाने के लिरिक्स प्रिया सरैया ने लिखे हैं, जबकि गाने को म्यूजिक सचिन-जिगर ने दिया है और गाने में रैप द ऋ्श ने दिया है. कुछ ही घंटों पहले रिलीज हुए इस गाने के वीडियो पर काफी बड़ी संख्या में व्यूज और कमेंट्स आ रहे हैं.

## लव सेक्स और धोखा-2 का मोशन पोस्टर आउट, 19 अप्रैल को सिनेमाघरों में दस्तक देगी फिल्म




अपकमिंग ड्रामा फिल्म लव सेक्स और धोखा 2 की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे दर्शकों के लिए खुशखबरी है. जी हां! लेटेस्ट न्यू मोशन पोस्टर के साथ फिल्म मेकर्स ने फैंस को फिल्म की झलक के साथ ही फिल्म की रिलीज डेट भी अनाउंस कर दी है. फिल्म मेकर्स ने आज गुरुवार को अपनी फिल्म के मोशन पोस्टर को आउट कर दिया है. इसके साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि दिबाकर बनर्जी द्वारा निर्देशित एलएसडी-2 सिनेमाघरों में कब दस्तक देगी.

सोशल मीडिया पर न्यू मोशन पोस्टर शेयर कर फिल्म मेकर्स ने कैप्शन में लिखा आज लीप वर्ष का लीप दिवस है...आप तुरंत निष्कर्ष पर पहुंच सकते हैं! और लव सेक्स और धोखा -2 एलएसडी-2 19 अप्रैल को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है. बालाजी टेलीफिल्म्स और कल्ट मूवीज ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्टर किया है. फिल्म इसी साल 19 अप्रैल को रिलीज होने के लिए तैयार है. दिबाकर बनर्जी प्रोडक्शन की फिल्म को एकता कपूर और शोभा कपूर ने प्रोड्यूस किया है. वहीं, फिल्म का निर्देशन दिबाकर बनर्जी ने किया है.

जानकारी के अनुसार लव सेक्स और धोखा 2 पहले 16 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी. लव सेक्स और धोखा साल 2010 में रिलीज हुई थी, जिसका निर्देशन दिबाकर ने किया था. फिल्म में एक्टर राजकुमार राव, नेहा चौहान के साथ ही अंशुमान झा और नुसरत भरुचा समेत अन्य एक्टर्स ने शानदार काम किया था. वहीं, निमृत कौर अहलूवालिया को सीक्वल के लिया सिलेक्ट किया गया है और वह फिल्म में लीड एक्ट्रेस का रोल प्ले करती नजर आएंगी.

# खेल

## ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को 3 विकेट से हराया

2 टेस्ट मैचों की सीरीज में किया क्लीन स्वीप; एलेक्स कैरी 98 रन पर नाबाद




ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को इस्टचर्च टेस्ट में 3 विकेट से हराकर दो टेस्ट मैचों सीरीज में 2-0 से क्लीन स्वीप कर लिया है। हैग्ले ओवल मैदान पर चौथे दिन कंगारू टीम को जीत के लिए 202 रन की जरूरत थी। उसके हाथ में 6 विकेट बचे हुए थे। ऑस्ट्रेलिया ने एलेक्स कैरी की 98 रनों की नाबाद पारी के दम पर 3 विकेट शेष रहते ही लक्ष्य हासिल कर लिया। तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में 4 विकेट पर 77 रन बना लिए थे। इससे पहले न्यूजीलैंड ने दूसरी पारी में 372 रन बनाए और ऑस्ट्रेलिया को 279 रन का टारगेट दिया। पहली पारी में न्यूजीलैंड ने 162 और ऑस्ट्रेलिया ने 256 रन बनाए थे।

### मिचेल मार्श ने हेड और कैरी के साथ साझेदारी कर पारी को संभाला

चौथे दिन कंगारु टीम ने 77 रन से आगे खेलते हुए 80 के स्कोर पर पांचवां विकेट गंवा दिया। ट्रेविस हेड 43 गेंदों का सामना कर 18 रन बनाए। हालांकि, हेड ने मिचेल मार्श के साथ पांचवें विकेट के लिए 66 गेंदों पर 46 रन की साझेदारी कर ऑस्ट्रेलियाई पारी को संभालने में मदद की। उसके बाद छठे विकेट लिए मिचेल मार्श और एलेक्स कैरी के बीच 174 गेंदों पर 140 रन की साझेदारी हुई। मार्श ने 102 गेंदों पर 80 रन बनाए। मार्श 220 के टीम स्कोर पर आउट हो गए। इस स्कोर मिचेल स्टार्क भी बिना खाता खोले आउट हो गए और ऑस्ट्रेलिया को सातवां झटका लगा।




### पैट कमिंस और कैरी ने आठवें के लिए 61 रन की साझेदारी की

पैट कमिंस और एलेक्स कैरी के बीच आठवें विकेट के लिए 64 गेंदों पर 61 रनों की नाबाद साझेदारी हुई। इसके बाद कैरी ने पैट कमिंस के लिए आठवें विकेट के लिए 64 गेंदों पर 61 रन की नाबाद साझेदारी कर टीम को जीत दिलाई। एलेक्स कैरी ने 123 गेंदों पर नाबाद 98 रन और पैट कमिंस ने 44 गेंदों पर नाबाद 32 रन बनाए।

### ऑस्ट्रेलिया ने 34 रन पर 4 विकेट गंवाए

279 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत खराब रही। टीम ने मैच के तीसरे दिन 15 रन के स्कोर पर ओपनर स्टीव स्मिथ का विकेट गंवा दिया। स्मिथ 9 रन बनाकर आउट हुए। उनके बाद उस्मान ख्वाजा 11, मार्नस लाबुशेन 6 और कैमरन ग्रीन 5 रन बनाकर आउट हो गए। कंगारू टीम ने 34 रन के स्कोर पर 4 विकेट गंवा दिए। बेन सीयर्स और मैट हेनरी को 2-2 विकेट मिले। यहां से ट्रैविस हेड और मिचेल मार्श ने ऑस्ट्रेलिया को संभाल लिया। हेड 17 और मार्श 27 रन बनाकर नॉटआउट लौटे। न्यूजीलैंड को पहली पारी में जल्दी ऑलआउट करने के बाद ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पारी शुरू की।

### एक नजर

## जेसन रॉय ने IPL-2024 से नाम वापस लिया

KKR ने फिल सॉल्ट को टीम में शामिल किया; 22 मार्च से शुरू होगा सीजन




**मुंबई।** कोलकाता नाइट राइडर्स (KKR) ने इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) के आगामी सीजन के लिए फिल सॉल्ट को जेसन रॉय का रिप्लेसमेंट बनाया है। रॉय निजी कारणों का हवाला देकर अपना नाम वापस ले लिया है। पिछले साल दिल्ली कैपिटल्स (DC) से खेलने वाले 27 साल के सॉल्ट इस बार मिनी ऑक्शन में अनसोल्ड रहे थे। उन्हें फ्रेंचाइजी ने 1.5 करोड़ रुपए में अपने साथ जोड़ा है। इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने पिछले साल वेस्टइंडीज के खिलाफ लगातार टी-20 इंटरनेशनल दो शतक जमाए थे। त्रिनिनाद में 48 बॉल में शतक जमाकर वे इंग्लैंड की ओर से सबसे तेज शतक जमाने वाले वर्ल्ड रिकॉर्ड की बराबरी की थी।

टीम इंडिया के कैप्टन ने बताया रिटायरमेंट प्लान

## रोहित बोले- किसी सुबह लगेगा कि फिट नहीं हूं, तो इस पर सोचूंगा; अभी बेस्ट क्रिकेट खेल रहा



टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा ने अपने रिटायर्डमेंट प्लान के बारे में बात की। उन्होंने कहा- जब लगेगा कि वे क्रिकेट खेलने के लायक नहीं हैं, तो वह संन्यास ले लेंगे। पिछले दो-तीन साल से मैं अपना सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेल रहा हूं। अगर किसी दिन मैं जागूं और मुझे महसूस हो कि मैं फिट नहीं हूं, अच्छा नहीं खेल रहा हूं तो मैं बस इस बारे में बोर्ड से बात करूंगा। अभी मैं अपना सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेल रहा हूं। रोहित पांच मैचों की सीरीज में इंग्लैंड को 4-1 से हराने के बाद जियो सिनेमा से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा- मैं अपनी टीम को फियरलेस बनाना चाहता हूं। खिलाड़ियों के लिए आंकड़े जरूरी है, लेकिन मैं चाहता हूं कि सभी प्लेयर्स निडर क्रिकेट खेले, नंबर्स उनका साथ दे ही देंगे। रोहित ने आगे कहा, मैं टीम में माइलस्टोन के लिए खेलने का कल्चर खत्म करना चाहता हूं। चाहता हूं कि खिलाड़ी ज्यादा से ज्यादा फ्रीडम के साथ खेलें। अगर खिलाड़ी गेम की सिचुएशन पर फोकस करेंगे तो नंबर और माइलस्टोन खुद ही आ जाएंगे।

## दिल्ली WPL-2 के प्लेऑफ मेंबेंगलुरु को एक रन से हराया; रोड्रिग्ज का अर्धशतक




**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स ने विमेंस प्रीमियर लीग के दूसरे सीजन के प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई कर लिया है। टीम ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को रोमांचक मुकाबले में एक रन से हराया। इस जीत से दिल्ली की टीम मौजूदा सीजन के टॉप पर आ गई है। इतना ही नहीं, टीम ने 10 अंक हासिल करके टॉप-4 में अपनी जगह पक्की कर ली है। अरुण जेटली मैदान पर मेजबान टीम ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट पर 181 रन बनाए। जवाब में बेंगलुरु की बल्लेबाज 20 ओवर में 7 विकेट पर 180 रन ही बना सकीं। जेमिमा रोड्रिग्ज प्लेयर ऑफ द मैच रहीं। उन्होंने 36 बॉल पर 58 रन की पारी खेली।

विकेटकीपर बल्लेबाज ऋचा घोष ने 29 बॉल पर 51 रनों की आतिशी पारी खेली, लेकिन अपनी टीम को जीत नहीं दिला सकीं। सोफी डिवाइन ने 16 बॉल पर 26 रन का योगदान दिया।

कप्तान मंधाना का विकेट गंवाने के बाद एलिस पेरी और सोफी मोलेनिक्स के साथ मिलकर पारी को संभाला। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 57 बॉल पर 80 रनों की साझेदारी की। एलिस ने 32 बॉल पर 49 रन बनाए। वे अपना अर्धशतक पूरा नहीं कर सकीं। साथ ही सोफी मोलेनिक्स ने 30 बॉल पर 33 रन बनाए। कप्तान मेग लेनिंग और शैफाली वर्मा ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी दिल्ली को मजबूत शुरुआत दिलाई। दोनों ने 38 बॉल पर 54 रन की ओपनिंग साझेदारी की।

## सात्विक-चिराग ने जीता साल का पहला टाइटल

फ्रेंच ओपन बैडमिंटन के फाइनल में चीनी ताइपे की जोड़ी को 37 मिनट में हराया

पेरिस। भारतीय पेयर ने फाइनल में चीनी ताइपे के ली झे-ह्यूई और यांग पो-हुआन को सीधे गेम में 21-11, 21-17 से हराया। भारतीय पेयर ने फाइनल में चीनी ताइपे के ली झे-ह्यूई और यांग पो-हुआन को सीधे गेम में 21-11, 21-17 से हराया।



### दूसरी बार जीता फ्रेंच ओपन

सात्विक चिराग की जोड़ी ने दूसरी बार फ्रेंच ओपन बैडमिंटन का पुरुष युगल का खिताब जीता। इससे पहले वर्ल्ड नंबर-1 भारतीय जोड़ी ने 2022 में यह टूर्नामेंट जीता था। यह जोड़ी 2019 में फ्रेंच ओपन में उपविजेता रही थी।

### साल का तीसरा फाइनल खेला, दो हारे

भारतीय जोड़ी इस साल का तीसरा फाइनल खेल रही थी। इस जोड़ी ने इस साल मलेशिया सुपर 1000, इंडिया सुपर 750 में दूसरे स्थान पर रही थी, जबकि पिछले साल चाइना मास्टर्स सुपर 750 में भी उपविजेता रही थी।

### सेमीफाइनल में साउथ कोरियाई जोड़ी को हराया

भारतीय पेयर ने सेमीफाइनल मुकाबले में साउथ कोरिया के सियो सेउंग जेई-कांग मिन हुएक को लगातार गेम में 21-13, 21-16 से हराते हुए फाइनल में प्रवेश किया था। सेमीफाइनल मुकाबला 40 मिनट चला। सिंगल्स में लक्ष्य सेन का अभियान सेमीफाइनल में खत्म हो गया। लक्ष्य को वर्ल्ड चैम्पियन कुनलावत वितिदसर्न ने एक घंटे 18 मिनट में हराया।

जोहार छत्तीसगढ़
धरमजयगढ़, मंगलवार 12 मार्च 2024

# माहतारी वंदन में नये राशन कार्ड,कैरी बैग,खाते में एक हजार पाकर महिलाओं में भारी उत्साह

## अधिकारी जनप्रतिनिधि और लाभार्थी महिलाओं के उपस्थिति में मना माहतारी वंदन उत्सव

जोहार छत्तीसगढ़-गरियाबंद।

राज्य सरकार की महिला सशक्तिकरण को लेकर उठाये गये कदम को राज्य भर में उत्सव के रूप में मनाया गया। देवभोग के हायर सेकंडरी स्कूल मैदान में आयोजित ब्लाक स्तरीय महिला वंदन महोत्सव को लेकर दो दिन पहले स्थानीय प्रशासन ने तैयारी पूरी कर ली थी।

बड़ी संख्या में महिलाओं की उपस्थिति में मना माहतारी वंदन महोत्सव में भागीरथी मांझी, चंद्रशेखर सोनवानी,शोभाचंद पात्र, पदुलोचन मरकाम, लुद्रास साहू, सीताराम यादव, सहित जनपद अध्यक्ष नेहा सिंघल, योगनिता मांझी,शीतला पाण्डेय और जिप सदस्य धनमति यादव महिला नेत्री के आतिथ्य में सम्पन्न हुआ।वही इस कार्यक्रम में एसडीएम हितेश पिस्दा,सीईओ रवि सिंह सोनवानी, खाद्य अधिकारी रवि कोमर्रा,पीईओ शिवकुमार नारंगे सहित महिला बाल विकास अधिकारी सुंदर ठाकुर के अलावा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और जनपद पंचायत व सहकारिता विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे।

### सहकारिता विभाग ने सौंपे कैरी बैग और नये राशनकार्ड

पिछले माह राशन कार्ड के नवनीकरण को लेकर ब्लाक भर में एक अभियान चला कर सारे हितग्राहीयो का केवाईसी करवाया गया था।राशन कार्ड नवनीकरण के लिये 32 हजार 2 सौ हितग्राहीयो ने पंजीयन करवाया था। नये राशन कार्ड उपलब्ध कराने महातारी वंदन कार्यक्रम के तहत 32 राशन कार्डधारीयों को नये राशन कार्ड के साथ साथ कैरी वैग आबंटित किया गया।नये राशन कार्ड साथ में कैरी वैग और महातारी वंदन योजना के तहत प्रति माह1 हजार रूपये पाकर कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं भारी उत्साह दिख।



### ब्लाक के 29 हजार महिलाओं को मिलेगा माहतारी वंदन योजना के एक हजार रूपये

बाकि के राशन कार्ड पंचायत स्तर पर आबंटन शुरू हो गया है।

महातारी वंदन योजना में महिलाओं को 1 हजार प्रति माह का लाभ दिलाने महिला बाल विकास विभाग के समक्ष 29 हजार का लक्ष्य था। महिलाओं ने इस योजना के लाभार्थी बनने आन लाईन और आफलाइन दो मोड में आवेदन किया था।योजना के लिये सभी ने आवेदन किये चुंकि ग्रामीण क्षेत्र है इसलिये विभाग के पास कई तकनिकी प्राब्लम का सामना करना पड़ा। महिला बाल विकास अधिकारी सुंदर ठाकुर का कहना है माहतारी वंदन योजना में तकनिकी त्रुटी से छुटे महिलाओं को योजना का लाभ दिलाने नये सिरे से प्रयास करेगी।

### बाल विवाह पर रोक लगाने महिलाओं ने लिया शपथ

ग्रामीण क्षेत्रों में बाल विवाह प्रथा हटाने महिला बाल विकास विभाग ने महातारी वंदन कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को बाल विवाह रोकने शपथ दिलवाया तो वहीं महिलाओं ने कहा बाल विवाह महिला सशक्तिकरण के लिये सबसे बड़ी रूकावट है इसलिये इस प्रथा को समाज से दूर करना आवश्यक है। वही स्थानीय प्रशासन भी बाल विवाह को रोकने नजर रख रही है और आये दिन पंचायत स्तर पर कई कार्यक्रम आयोजित कर समाज को जगाने के प्रयास में जुटी है।

### उत्साह भरे महिलाओं ने कहा मोदी है तो मुमकिन है

*माहतारी वंदन महोत्सव में उपस्थित दस से अधिक महिलाओं ने मोर कहानी मोर जुबानी के विचार मंच पर अपनी सशक्तिकरण की कहानी साझा किया इस अवसर पर अंबिका बघेल, मंजू नेताम,सरिता पांडेय, अनुराधा प्रधान,देवकी सिंहा, लोकेश्वरी साहू,रूकमणी मरकाम,अंजु यादव, निरासो सोरी,वेदमनी यादव ने महातारी वंदन योजना अंतर्गत महिलाओं के सशक्तिकरण पर मोदी की जमकर तारीफ की और कहां मोदी है तो मुमकिन है।*

## एक नजर

### अयोध्या धाम जाने वाले राम भक्तो को हरी झंडी दिखाकर तहसीलदार ने किया रवाना

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।




कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारा श्रमता नूपुर राशि के निर्देशन में श्री राम लला दर्शन के लिए जिले के वि श्रद्धालु रवाना हुए। श्री राम लला दर्शन योजना के तहत बिलासपुर जंक्सन के रेल्वे स्टेशन से अयोध्या जाने वाली स्पे ट्रेन आज जिले के श्रद्धालुओं सहित प्रशासन द्वारा निर्धारित एस्कार्ट ऑफिसर को लेकर रवाना हुई। इस अवसर पर आज 7 बजे तहसील कार्यालय सक्ती से विभिन्न जनप्रतिनिधियों अधिकारीयों की उपस्थिति में राम लला दर्शन यात्रा टीम को रवाना किया गया। इस अवसर पर तहसीलदार मनमोहन भाजपा जिला कोषाध्यक्ष रामनरेश यादव,राम अवतार अग्रवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी क और श्रद्धालुगण उपस्थित थे। श्रीराम लला के दर्शन के लिए जिले से रवाना होते समय स श्रद्धालु भारी उत्साहित और खुश दिखे। सभी ने श्री राम लल दर्शन योजना के तहत इस यात्रा के लिए छत्तीसगढ़ सरकार मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को धन्यवाद दिया। गौरतलब छतीसगढ़ देश का पहला राज्य है जहां की जनता को सरक खर्च पर श्री राम लला का दर्शन कराया जा रहा है। श्री राम दर्शन योजना के तहत राज्य सरकार द्वारा श्रद्धालुओं को छत्तीसगढ़ से अयोध्या ले जाने के साथ वहां ठहरने, मंदिर द कराने के साथ नाश्ते और खाने की भी व्यवस्था की गई है। श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य, सुविधा और सुरक्षा की दृष्टि से ट्रेन में एस्कॉर्ट, सुरक्षा कर्मी और चिकित्सकों का दल भेजे जा रहे।

### बकरा चोरी कर सस्ते दाम में बेचते थे मटन, दो आरोपी गिरफ्तार

**कोरबा** । ग्रामीण क्षेत्र से पुलिस को लगातार शिकायतें मिल रही थी कि उनके पालतू मवेशियों की चोरी अज्ञात चोर कर रहे हैं। चैतमा पुलिस से मानसिंह मरावी निवासी राहा ने लिखित शिकायत की थी। उसके घर से रात में दो बकरा को चोरी कर लिया गया है। पुलिस ने रिपोर्ट पर धारा 457, 380 कायम कर विवेचना में लिया।

इस दौरान पुलिस को पता चला कि गांव के आसपास भी इस तरह की चोरी की घटनाएं हो चुकी है। साथ ही जानकारी मिली कि कुछ समय से गांव में बाइक में अनजान लोग घूमते हैं और गांव की रेकी कर रहे हैं। इस पर पुलिस को समझ में आ गया की हो ना हो आसपास के लोग ही चोरी की घटना को अंजाम दे रहे हैं। इसी बीच मुखबिर से सूचना मिली कि रजकम्मा के कुछ व्यक्ति बाजारों एवं चैक में बकरे का मटन काट कर सस्ते दाम पर बेच रहे हैं। इस पर पुलिस द्वारा उन व्यक्तियों को पकड़ा गया एवं उनके कब्जे से एक बकरा को बरामद किया गया। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम अजय बंजारे 27 वर्ष निवासी ग्राम चूहराडांड रजकम्मा तथा सतीश निषाद 20 वर्ष निवासी ग्राम लारीपारा रजकम्मा बताया। उन्होंने पुलिस को बताया कि कुछ समय से बकरा की चोरी कर रहे हैं और बाजार एवं चैक में मटन को काटकर बेच रहे हैं। प्रार्थी के घर के एक बकरे को भी काटकर बेच दिया है। आरोपितो को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया। प्रकरण के अन्य फरार आरोपियों की भी पतासाजी की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही उन आरोपितों को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### चोरी के 350 लीटर डीजल जप्त, दो आरोपी गिरफ्तार

**कोरबा** । अवैध कबाड़, डीजल चोरी के विरूद्ध जिला पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी की अगुवाई में आरोपितों को पकड़ा जा रहा है। कुसमुंडा खदान क्षेत्र में डीजल चोरी की शिकायत मिलने पर पुलिस ने कार्रवाई कर आरोपितों को गिरफ्तार किया। साइबर सेल कोरबा एवं थाना कुसमुंडा पुलिस टीम को सूचना मिली कि खदान के अंदर डोजर क्रमांक 12147 से डीजल चोरी कर बोलेरो वाहन क्रमांक सीजी 12 बीबी 5985 चोर भाग रहे हैं। इस पर पुलिस टीम ने उक्त दोनों व्यक्तियों को घेराबंदी कर पकड़ा गया और उनके कब्जे से बोलेरो वाहन के डिब्बे में रखें 350 लीटर अवैध डीजल बरामद किया। पूछताछ में दोनों युवक ने अपना नाम उमाकांत 34 साल तथा लखन दास 38 वर्ष दोनों निवासी गेवरा बस्ती कोटवार मोहल्ला कुसमुंडा बताया।

## रेत घाट संचालन को लेकर दो पक्षों में मारपीट

**कोरबा** । ग्राम चुइया में रेत घाट संचालन को लेकर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा। रविवार को दो पक्षों में घाट संचालन को लेकर जमकर विवाद के साथ मारपीट भी हुई है। मामले में दोनों पक्ष ने बालको थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया है। शहर के निकट ग्राम चुईया में जिला खनिज विभाग ने रेत घाट को स्वीकृति दी है। घाट संचालन को लेकर गांव वाले दो गुट में बंट गए हैं। जिसमें पहला गुट सरपंच व उसके सहयोगियों का है। वहीं दूसरा गुट ग्रामीणों का है। सरपंच गुट रेत घाट चलाने में पक्ष में हैं वहीं ग्रामीण चाहते हैं रेत घाट शुरू होने से गांव के भीतर ट्रैक्टर व अन्य भारी वाहनों का आवागमन बढ़ गया है। इस वजह से घाट न चलाया जाए। विवाद को देखते हुए प्रशासन ने रेत घाट के संचालन को स्थिगित करा दिया था। इसके बाद भी माफिया के साथ मिल कर कुछ लोगों ने घाट से रेत परिवहन शुरू कर दिया। घाट शुरू कराने के लिए एक दूसरे पर आरोप मढ़ते हुए ग्रामीण आपस में भिड़ गए। मामले में पुलिस ने दोनों पक्ष का बयान दर्ज किया है।

### जंगल में आग लगने का सिलसिला शुरू, खतरे में जीव-जंतु

**कोरबा** ।गर्मी की दस्तक के साथ ही जंगलों में आग लगने का सिलसिला शुरू हो गया है। कोरबा में रविवार की सुबह से जिले के वनमंडल के बालको रेंज के जंगल में भीषण आग धधक रही है। रोगबहरी और जामबहार के बीच के जंगल का बड़ा इलाका आग की लपटों से घिरा हुआ है। आग की लपटे तेजी से फैल रही है। आगजनी की इस घटना से बड़ी मात्रा में वनस्पति जलकर खाक हो गया है। आग से छोटे-मोटे पेड़ पौधे जल रहे हैं और पंक्षियों में भगदड़ मची है। जंगल में लगी आग तेजी से फैलती जा रही है। इसके कारण आस- पास के जंगलों में भी आग लगने की संभावना बढ़ गई है। इस आग से पूरा जंगल क्षेत्र धुआं से भर गया है।

### केन्द्रीय राज्यमंत्री का हुआ आत्मीय स्वागत

**रायपुर** । केंद्रीय राज्यमंत्री कपिल मोरेश्वर पाटिल छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर पहुंचे। यहां राज्य के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने उनका विमानतल पर भव्य स्वागत किया। केंद्रीय राज्यमंत्री पंचायतीराज मंत्रालय कपिल मोरेश्वर पाटिल राजधानी रायपुर पहुंच गए है, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने राजधानी रायपुर के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पर उनका आत्मीय स्वागत किया।

## विधायक अटल श्रीवास्तव के मुख्यातिथ्य में सम्पन्न हुआ शासकीय महामाया महाविद्यालय के छात्र छात्राओं का विदाई समारोह

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।



एनएसयूई द्वारा शासकीय महामाया महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं का विदाई समारोह आयोजित किया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्र के विधायक अटल श्रीवास्तव भी उपस्थित हुए कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व छात्र संघ के अध्यक्ष शीतल जायसवाल ने की विशिष्ट अतिथि के रूप में युवा कांग्रेस के महासचिव गौरव दूबे, ब्लॉक अध्यक्ष यासिन खान, विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष पुष्पकांत कश्यप, एनएसयूआई प्रदेश सचिव राजा रावत,जिला युवा कांग्रेस आरटीआई अध्यक्ष रवि रावत,किसान कांग्रेस के अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा की उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन छात्र नेता रियाज अहमद खोखर ने किया,विद्यार्थीयों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन कर प्रस्तुति दी गई। एनएसयूई द्वारा प्रति वर्ष अध्ययनरत छात्र-छात्राओ को उनके अंतिम वर्ष के पूर्व समारोह आयोजित कर विदाई दी जाती है इसीं कार्यक्रम का आयोजन आज रतनपुर के मोहर साव धर्मशाला में आयोजित किया गया।




मुख्य अतिथि कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव के द्वारा उपस्थित जनसमूह विद्यार्थी गण को संबोधित करते हुए उन्होंने अपने कॉलेज लाईफ की बाते साझा की साथ ही पढ़ाई के साथ खेल कूद एवं हॉस्टल लाईफ के बारे में भी जानकारिया प्रदान की साथ ही छात्रो द्वारा कियें गये मांगो पर भी अपनी सहमती प्रदान की, उपस्थित सभी अतिथियों ने भी अपने संबोधन में अपने विद्यालय जीवन का अनुभव साझा कर आगे बढ़ने की प्रेरणा प्रदान की, उक्त कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन एनएसयूई ब्लॉक अध्यक्ष अभिनव तिवारी ने किया। उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने में अभिनव, सुमित दुबे, धनजय, मानस ताम्रकार,अभिषेक उस्मान, जतिन,अमन,राहुल,मनीष तिवारी, अविनाष,प्रवीण,अंकुल, प्रशांत जायसवाल,आरती,मार्टिनापुरस्तम ,आर्ची,मुस्कान,माही रजनी सुरेश्वरी,आंजली,अर्चना,जयंती सहित सैकड़ों की संख्या में विद्यार्थिगण मौजूद रहे ।

## कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला वेबसाइट का कलेक्टर ने किया उद्घाटन

### आमजन अब जिले के आधिकारिक वेबसाइट से ले सकते है जिले से संबंधित जानकारियां

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।




कलेक्ट्रेट कार्यालय सक्ती के सभाकक्ष में सभी अधिकारियों व कर्मचारियों की उपस्थिति में कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने जिले के आधिकारिक वेबसाइट का बटन दबाकर उद्घाटन किया। नवीन जिला बनने के बाद भी जिले के आधिकारिक वेबसाइट नहीं होने के कारण जिले के नागरिकों को जांजगीर की वेबसाइट से ही सक्ती जिले की जानकारियां प्राप्त हो रही थी। अब सक्ती जिले का आधिकारिक वेबसाइट आने से आमजनों को जिले से संबंधित सूचनाएं जानकारियां, निविदायें, भर्ती आदि जानकारियां अब आसानी से जिला सक्ती के आधिकारिक वेबसाइट से प्राप्त कर पाएंगे। वेबसाइट निर्माण में कलेक्टर का विशेष मार्गदर्शन एवं जिला जांजगीर डीआईओ अमित अग्रवाल, डिप्टी कलेक्टर विश्वास कुमार, ईडीएम दुष्यंत कुमार सोनी, प्रभारी एनआईसी सैफखान एवम समस्त आईटी टीम सक्ती का विशेष योगदान रहा।

## जय श्री राम के उद्घोष के साथ वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी ने अयोध्या धाम दर्शन को जा रहे रायगढ़ के श्रद्धालुओं के पहले जत्थे को बिलासपुर रेल्वे स्टेशन से किया रवाना

### श्री राम लला दर्शन योजना के तहत 112 यात्री अयोध्या धाम के साथ काशी विश्वनाथ के करेंगे दर्शनज

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

श्री राम लला दर्शन योजना के तहत अयोध्या धाम के दर्शन के लिए रायगढ़ जिले से श्रद्धालुओं का पहला जत्था आज सुबह रवाना हुआ। वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी ने बिलासपुर रेलवे स्टेशन में पहुंचकर प्रभु श्रीराम का जयकारा लगाते हुए रायगढ़ के श्रद्धालुओं के जत्थे को अयोध्या धाम के लिए रवाना किया। उन्होंने सभी यात्रियों को सुखद सफर की शुभकामनाएं दी। रायगढ़ जिले से अयोध्या धाम दर्शन के लिए 112 श्रद्धालुओं का पहला जत्था आज सुबह कलेक्ट्रेट से रवाना हुआ। जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल, कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल व सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव ने हरी झंडी दिखाकर श्रद्धालुओं की बस को रवाना किया। पहले जत्थे में जिले से कुल 112 यात्री शामिल हो रहे हैं। इनमें 84 ग्रामीण क्षेत्रों से हैं और 28 शहरी क्षेत्र के श्रद्धालु शामिल हैं। सड़क मार्ग से श्रद्धालुओं का यह दल बिलासपुर पहुंचा। वहां से स्पेशल आस्था ट्रेन से आगे के सफर के लिए रवाना हुआ।




श्रद्धालुओं का दल 14 मार्च को वापस लौटेगा। तीन दिवसीय यात्रा के दौरान यात्री अयोध्या धाम के साथ वाराणसी में काशी विश्वनाथ के भी दर्शन करेंगे। यात्रियों के सहयोग के लिए 3 अधिकारियों की टीम भी जत्थे के साथ रवाना हुई है। जिसमें एडिशनल सीईओ जिला पंचायत श्री महेश पटेल, सीएचओ कन्हैया दरबार, सहायक ग्रेड-3 नगर निगम श्री अनिल बाजपेयी शामिल है।

### उत्साह में सराबोर दिखे श्रद्धालु

अयोध्या धाम जाने वाले जिले के पहले जत्थे में शामिल श्रद्धालु भक्ति भाव और उत्साह में सराबोर दिखे। अलसुबह प्रभु श्री राम के जयकारे के साथ सफर की शुरुआत कर रहे जिले वासियों ने इसे सौभाग्य का पल बताया। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि शासन की इस नेक पहल से हमें अयोध्या धाम के नि:शुल्क यात्रा का सुअवसर मिल रहा है।

किरोड़ीमल नगर के भगतराम चौहान ने कहा हमारा सौभाग्य है कि आज हम प्रभु श्रीराम के दर्शन के लिए अयोध्या धाम के लिए रवाना हो रहे है। अयोध्या में जब से राममंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा हुई तब से वहां जाने की लालसा थी, आज वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर पूरी होने जा रही है। खाना-पीना, आना-जाना सभी सुविधाएं नि:शुल्क व्यवस्था की गई है। घरघोड़ा विकासखण्ड के चारभांठा निवासी सपत्नीक राम प्रसाद पैंकरा एवं बालमती पैंकरा ने जय-जय श्रीराम के नारे लगाते हुए कहा कि आज हमारे लिए खुशी का अवसर है कि हम प्रभु श्रीराम के दर्शन हेतु अयोध्या धाम के लिए रवाना हो रहे है। हमने कभी सोचा नहीं था कि वहां तक कभी जाकर प्रभु के राम दर्शन कर पायेंगे, लेकिन हमारा यह सपना आज पूरा होने जा रहा है। पंजरी प्लांट रायगढ़ की देवकी सिंह राजपूत ने कहा कि आज बहुत ही खुशी का दिन है कि हम सब एक साथ शासन की नेक पहल से प्रभु श्रीराम के दर्शन हेतु अयोध्या धाम के लिए रवाना हो रहे है और हमें किसी प्रकार की चिंता की करने की जरूरत नहीं है। सफर के दौरान सभी प्रकार की सुविधाएं शासन की तरफ से नि:शुल्क है।




सुखद सफर के लिए दी शुभकामनाएं

# सिंचाई विभाग का कारनामा 10 एकड़ जमीन पर खोद दिए नहर

## करोड़ों की जमीन का मालिक भुखमरी की कगार पर

जोहार छत्तीसगढ़-बलौदाबाजार।

छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार जिले में सिंचाई विभाग के अफसरों की कार्यशैली किसानों पर किस कदर भारी पड़ रही हैए इसका जीता जागता उदाहरण पलारी तहसील के ग्राम वटगन के किसान कामराज वर्मा हैं।



15 साल पहले किसान कामराज वर्मा की 10 एकड़ की कृषि भूमि समोदा डायवर्सन नहर निर्माण के लिए अधिग्रहित कर ली गई है। यहां तक तो सब कुछ ठीक है लेकिन किसान को बिना मुआवजा दिए ही जबरदस्ती जमीन पर नहर बना दी गई है। जिससे अब यह किसान जमीन रहते हुए भी भूमिहीन हो गया है।

### करोड़ों की जमीन का मालिक दर-दर की ठोकरें खा रहा

कामराज वर्मा की करोड़ों की जमीन नहर में समा जाने के बाद किसान मुआवजे के लिए सालों से अफसरों की चौखट पर दस्तक दे रहा है। किसान ने मुआवजे के लिए न्यायालय का दरवाजा भी खटखटाया है। लेकिन सिचाई विभाग के अफ सरों की दमनकारी नीति के आगे किसान बेबस नजर आ रहा है। किसान की समस्या पर ना ही जिले के आला अधिकारी कोई ध्यान दे रहे हैं।

### भूखों मरने की नौबत आई

किसान कामराज वर्मा की बजुर्ग मां भूरी बाई वर्मा 75 वर्ष के नाम से ग्राम वटगन में कृषि भूमि हैए जिसमें भूरी बाई के दो बेटों के द्वारा खेती किसानी कर गुजर बसर करती थी। लेकिन बीते 15 वर्ष पूर्व उनकी जमीन समोदा डायवर्सन नहर निर्माण के लिए सिंचाई विभाग ने अधिग्रहित कर ली है। अब पिछले 10 वर्षों से किसान के सामने भूखों मरने की नौबत आ गई है। उसे अब तक अपनी जमीन का मुआवजा नहीं मिला, वही जो 10 वर्ष तक उसकी फसलों का नुकसान हुआ सो अलग। किसान अब दूसरे की जमीन ठेके में लेकर एवम मनरेगा में काम कर अपने परिवार का गुजर बसर कर रहा है। पीड़ित किसान कामराज वर्मा पर दो बेटियां, एक बेटा और 75 वर्षीय बुजुर्ग मां के भरण-पोषण की जिम्मेदारी है।

### मां-बाप का सपना रह गया अधूरा

मां बाप का अरमान रहता है कि, अपने बेटे-बेटियों की शादी धूमधाम से करें, लेकिन सिंचाई विभाग के अफसरों की मनमर्जी के कारण उनकी खुशियों पर ग्रहण लग गया है। किसान की पत्नी ने बताया किए आर्थिक मजबूरी की वजह से अपने बेटे-बेटियों की शादी एक वर्ष पूर्व मंदिर में जयमाला रस्म से करनी पड़ी।मां रोते हुए बताती हैं कि सभी माता-पिता का सपना रहता है किए अपनी बेटी को अपने आंगन से विदा करूं, और बेटे की बारात घर से निकले। रिश्तेदारों, पास-पड़ोस के लोगों के साथ अपनी खुशियां बांटें,लेकिन आर्थिक मजबूरी की वजह से हमारे खुशियों पर ग्रहण लग गया है। मजबूरी में मंदिर में अपने बच्चो की शादी करनी पड़ी।

### बुजुर्ग मां की आंखें भर आई

*वहीं बुजुर्ग मां भूरी बाई वर्मा ने भी कहा किए मेरा बेटा किसी तरह रोजी मजदूरी कर मेरी देख.रेख एवं इलाज करवा रहा है। उन्होंने विनती की है किए प्रशासन हमारी मजबूरी को देखते हुए हमें हमारी जमीन का पैसा दे। आज भी किसान का मकान कच्चा खपरेल का बना हुआ है एजिस पर रहकर इनका परिवार गुजर बसर करता है।*

# एक नजर

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महिलाओं को खाते में भेजी महतारी वंदन योजना की राशि, महिलाओं में खुशी का माहौल

### छत्तीसगढ़ में पूरी हो रही है मोदी की गारंटी : राज्यसभा सांसद सुश्री सरोज पांडेय

**कोरबा** । देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 10 मार्च रविवार को महतारी वन्दन योजना के अंतर्गत जिले के सभी महिलाओं के खाते में एक हजार की राशि अंतरित की। कटघोरा ब्लॉक के ग्राम बुंदेली में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में वर्चुअली जुड़कर प्रधानमंत्री श्री मोदी ने इस योजना से लाभान्वित सभी हितग्राहियों को बधाई दी और कहा कि उनका यह सौभाग्य है कि आज छत्तीसगढ़ के लगभग 70 लाख महिलाओं को 655 करोड़ 57 लाख रुपये महतारी वन्दन योजना के रूप में देने का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि आज हर महतारी के खाते में राशि अंतरित की गई है। जब घर परिवार में माताएं,बहने सशक्त होती है तो पूरा परिवार सशक्त होता है। उन्होंने पीएम आवास, उज्ज्वला योजना, जनधन खाते,मुद्रा लोन,स्व सहायता समूह की महिलाओं को लखपति दीदी बनाने के साथ आधुनिक कृषि के लिए ड्रोन संचालन में महिलाओं को जोड़ने का ज़िक्र करते हुए कहा कि देश की महिलाओं को आर्थिक रूप से लगातार सशक्त बनाया जा रहा है। परिवार की खुशहाली के लिए स्वास्थ्य योजनाएं और 5 लाख तक का उपचार की सुविधा दी गई है। शौचालय बनवाकर महिलाओं को सम्मान से जीवन जीने की दिशा में कार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी है कि जो कहा गया है उसे पूरा अवश्य किया जाएगा।

पीएम श्री मोदी ने मुफ्त टीकाकरण, गर्भवती महिलाओं को राशि देने, आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को उपचार की सुविधाएं देने की बात कहते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में सरकार बनते ही 18 लाख पीएम आवास, 31 सौ रुपए में धान की खरीदी, दो वर्ष का बकाया बोनस राशि का वितरण किया गया। जल्द ही कृषक उन्नति योजना से किसानों को अंतर राशि भी प्रदान की जाएगी। उन्होंने महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की बात कही। कार्यक्रम को मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने भी संबोधित किया और महिलाओं को योजना का लाभ मिलने पर बधाई और शुभकामनाएं दी।

कटघोरा के बुंदेली में कार्यक्रम को सम्बोधित करती हुई राज्य सभा सांसद सुश्री सरोज पांडेय ने कहा कि मोदी की गारंटी मतलब पूरा होने की गारंटी है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने महतारी वन्दन योजना के रूप में जो वादा किया गया था वह पूरा हो रहा है। महिलाओं को हर माह एक हजार और साल में 12 हजार रुपए उनके खाते में मिलेंगे। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ की बात कहते हैं, वे महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और आर्थिक रुप से उन्हें सशक्त बनाने की दिशा में काम करते हैं। यह छत्तीसगढ़वासियों के सौभाग्य है कि यहाँ महिलाएं सुरक्षित हैं और महतारी वंदन योजना से उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत होने का अवसर मिल रहा है। उन्होंने सभी महिलाओं से अपील करते हुए कहा कि घर में अपनी बेटियों को अवश्य पढ़ाये ताकि वे कलेक्टर, एसपी,अन्य बड़े पदों पर पहुँचकर सफलता की ऊँचाई पर चढ़ सके। उन्होंने महिलाओं के लिए संचालित योजनाओं की जानकारी भी दी। इस अवसर पर महिला सशक्तिकरण ,बाल विवाह रोकने 18 वर्ष से कम उम्र की लड़कियों का विवाह न करने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम को स्थानीय कटघोरा विधायक श्री प्रेमचंद पटेल और श्री ज्योतिनन्द दुबे ने भी सम्बोधित किया। इस दौरान पूर्व गृह मंत्री श्री ननकीराम कँवर, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शिवकला छत्रपाल सिंह कँवर, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी श्रीमती प्रीति खोखर चखियार,पूर्व महापौर श्री जोगेश लाम्बा,श्री राजीव सिंह आदि उपस्थित थे। महतारी वंदन योजना के तहत जिले की 2 लाख 95 हजार 405 महिलाओं के खाते में राशि का अंतरण किया गया है।

महिलाओं को प्रधानमंत्री उज्जवला योजनांर्गत गैस कनेक्शन का वितरण किया गया। कार्यक्रम में श्रीमती सुकृता बाई, श्रीमती यामिनी बाई, ऊषा बाई, जगदीश बाई, सुरूज बाई तथा यशोदा बाई को गैस कनेक्शन प्रदान किया गया। इसी तरह श्रीमती बूंद कुंवर, जमुना बाई, हेमीन बाई, पूर्णिमा बाई और श्याम कुंवर को नवीनीकृत राशन कार्ड का वितरण किया गया।

महतारी वन्दन योजना अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यक्रम में सेल्फी स्टैंड भी बनाया गया था। महिलाओं द्वारा सेल्फी लेकर खुशियां व्यक्त की गई। कार्यक्रम में पहुंची श्रीमती कैलाश बाई, श्याम बाई, दुआसा बाई, यामिनी कश्यप ने बताया कि उन्होंने महतारी वंदन योजनांतर्गत आवेदन किया है।

# नपा चांपा में हाथ ठेला खरीदी घोटाला

## दुगने से ज्यादा कीमत पर खरीदें गए हाथ ठेले




**चांपा**। नगर पालिका चांपा द्वारा 30 नाग हाथ ठेले 10000 के भाव से खरीदी किए गए हैं जबकि इस प्रकार के ठेलो का वास्तविक मूल्य लगभग तीन से चार हजार मार्केट में है। तीन चार हजार के हाथ ठेले को दस में क्रय करना पालिका द्वारा अनियमितता को स्पष्ट करता है। प्राप्त जानकारी अनुसार पहले के क्रय किए गए हाथ ठेले ही पूरे तौर पर उपयोग में नहीं आ रहे हैं उसके बावजूद 30 नग खरीदना कई सवाल खड़े करता है। पिछले कुछ वर्षों से नगर पालिका द्वारा वस्तुओं को काफी उच्च मूल्य पर क्रय किया जा रहा है। प्रश्न यह है कि क्या शासन द्वारा निर्धारित मूल्य पर क्रय किए मानको पर क्रय किए गए हाथ ठेले खरे उतरते हैं जिस मजबूती और वजन के हाथ ठेलो का मूल्य शासन ने निर्धारित किया है क्या करे किए गए हाथ ठेले उसे स्तर के हैं?

इस संबंध में मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रहलाद पांडे से चर्चा करने पर उन्होंने बताया कि दस हजार मूल्य एक हाथ ठेला शासन द्वारा स्वीकृत है।

# तक्षशिला प्रदेश के युवाओं के शैक्षणिक जीवन में सहायक सिद्ध होगा-वित्त मंत्री ओपी चौधरी

* भारत के इतिहास में तक्ष शिला को पुस्तकों का सबसे बड़ा व अनुपम संग्रह माना गया

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में मोर रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड यूथ हब प्रोजेक्ट अंतर्गत मोतीबाग रायपुर स्थित नव निर्मित 700 सीटर स्मार्ट रीडिंग जोन सह लाइब्रेरी तक्षशिला का लोकार्पण किए जाने की जानकारी सोशल मंच में साझा करते हुए विधायक रायगढ़ एवं वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा उपमुख्यमंत्री अरुण साव कैबिनेट मंत्री बृजमोहन अग्रवाल की उपस्थिति लाइब्रेरी का लोकार्पण जीवन का अनमोल क्षण है। चौधरी ने विश्वास जताते हुए कहा तक्षशिला प्रदेश के युवाओं के लिए पाठन और प्रेरणा का केंद्र बनकर उनके शैक्षणिक जीवन में सहायक सिद्ध होगा। इस संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा नालंदा परिसर लाइब्रेरी की तर्ज निर्मित इस स्मार्ट रीडिंग जोन छग की दूसरी बड़ी लाइब्रेरी का नाम तक्षशिला रखा गया है। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्रों के लिए निर्मित स्मार्ट रीडिंग रूम में ग्राउंड फ्लोर के साथ दो फ्लोर हैं। 750 स्टूडेंट्स एक साथ




बैठकर पढ़ाई कर सकते है। नालंदा परिसर लाइब्रेरी की तरह ही यह लाइब्रेरी भी 24 घंटे खुली रहेगी। लाइब्रेरी में अध्यन हेतु निर्धारित फ ीस जमा कर सदस्यता देना शुरू कर दिया गया है। 8.05 करोड़ रुपए की लागत से बनी इस 750 सीटर अत्याधुनिक लाइब्रेरी में बायोमैट्रिक सिस्टम के जरिए ही प्रवेश दिए जाने की सुविधा है। वर्तमान में 10 हजार किताबें पढ़ने के लिए उपलब्ध हैं। लाइब्रेरी में डिजिटल रीडिंग जोन भी है। साथ ही सदस्यों के लिए लिफ्ट और मुफ्त वाईफ ई की सुविधा भी मिलेगी। तक्षशिला परिसर के पार्किंग एरिया में फूड जोन के साथ 800 वाहनों के पार्किंग की सुविधा हैं। इस लाइब्रेरी में छात्र-छात्राओं के अलावा दिव्यांगों के लिए भी विशेष सुविधाएं बनाई गई है। दिव्यांग जनों को परिसर में आने, जाने, बैठने और पढ़ने में किसी तरह की परेशानी नहीं होगी। तक्षशीला में भी नालंदा परिसर की तरह सारी सुविधाएं दी जाएंगी। व्यापमं, पीएससी, यूपीएससी, रेलवे सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं जेईई, नीट की किताबे रहेंगी।




# राम दर्शन योजना के तहत बिलासपुर से रवाना यात्री ट्रेन को वित्त मंत्री ओपी ने दिखाई हरी झंडी



जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

रामलला दर्शन योजना के तहत अयोध्या धाम के दर्शन के लिए रायगढ़ जिले से श्रद्धालुओं का पहला जत्था सुबह रवाना हुआ। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने बिलासपुर रेलवे स्टेशन में पहुंचकर प्रभु श्रीराम का जयकारा लगाते हुए रायगढ़ के श्रद्धालुओं के जत्थे को अयोध्या धाम के लिए रवाना किया। उन्होंने सभी यात्रियों को सुखद सफ र की शुभकामनाएं दीं। रायगढ़ जिले से अयोध्या धाम दर्शन के लिए पहले जत्थे में जिले से कुल 112 यात्री शामिल हो रहे हैं। इनमें 84 ग्रामीण क्षेत्रों से हैं और 28 शहरी क्षेत्र के श्रद्धालु शामिल हैं। सड़क मार्ग से श्रद्धालुओं का यह दल बिलासपुर पहुंचा। वहां से स्पेशल आस्था ट्रेन से आगे के सफ र के लिए रवाना हुआ। श्रद्धालुओं का दल 14 मार्च को वापस लौटेगा। तीन दिवसीय यात्रा के दौरान यात्री अयोध्या धाम के साथ वाराणसी में काशी विश्वनाथ के भी दर्शन करेंगे। यात्रियों के सहयोग के लिए 3 अधिकारियों की टीम भी जत्थे के साथ रवाना हुई है। अयोध्या धाम जाने वाले जिले के पहले जत्थे में शामिल श्रद्धालु भक्ति भाव और उत्साह में सराबोर दिखे। अलसुबह प्रभु श्री राम के जयकारे के साथ सफ र की शुरुआत कर रहे जिले वासियों ने इसे सौभाग्य का पल बताया। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि शासन की इस नेक पहल से हमें अयोध्या धाम के निरूशुल्क यात्रा का सुअवसर मिल रहा है।

# समितियों में खरीदे गये धान का ना टीओ कट रहा और ना ही डीओ


## आखिर कब तक उठाव के लिये बचे धान का रखवाली करेगी समितियां

जोहार छत्तीसगढ़-गरियाबंद।

### छग सरकार किसानों से धान तो खरीद ली मगर उसके उठाव को लेकर ना प्रशासन ने कभी सुध ली और ना ही सरकार ने कभी ध्यान दिया।

उठाव ना होने से समितियों में बचे धान को लेकर समिति प्रबंधकों को भारी चिंता है आये दिन मौसम के बदलते मिजाज ने खरीदी प्रभारीयों के रातों के निंद उड़ा दिये है तो वहीं पहले ही उठाव में हुई देरी के चलते सुखत का नुकसान झेल चुके हैं। प्रत्येक खरीदी केन्द्र में 70 से 80 क्विंटल के सुखत का अनुमान है जिसका भार भी केन्द्र के प्रभारी पर पड़ने वाला है।














### सरकार के निर्देश का अवमानना किसने किया, नुकसान का जिम्मेदार कौन

खरीदी से पहले राज्य सरकार ने धान खरीदी के 72 घंटे के भीतर उपार्जन के उठाव के निर्देश दिये थे मगर प्रशासनिक उदासीनता के चलते सम्पूर्ण उठाव के लिये अब तक मिलर्स को ना डिलीवरी आर्डर डीओ,कटा और ना ही संग्रहण केन्द्रों के लिये ट्रांसफर आर्डर टीओ कटा ऐसे में ट्रांसपोर्टर भी उठाव नहीं कर रहे हैं जिससे खरीदी केन्द्रों में धान खुले में पड़ा हुआ है। उठाव के लिये टीओ और डीओ काटने का अधिकार जिला मार्केटिंग अफिसर डीएमओ के पास होता है। समिति प्रभारी चाहता है उठाव पूरी तरह खत्म हो जाये,ट्रांस्पोर्टर के पास उठाव के लिये आर्डर नहीं ऐसे नुकसान का जिम्मेदार कौन यह स्पष्ट हो जाता है।

### साहेब डीओ नहीं तो टीओ तो काट दीजिए होने वाले नुकसान से बचा लीजिए

खरीदी समाप्त हुये माहभर से ज्यादा समय हो गया दरअसल खरीदी 21 क्विंटल होने से कस्टम मलिंग के लिये मिलर्स की क्षमता उतनी नहीं है इसलिये डीओ नहीं कट रहा इधर जिला अधिकारी संग्रहण केन्द्रों के लिये टीओ नहीं काट रहे हैं उठाव नहीं हो रहा है खरीदी के उपार्जन केन्द्रों में पड़ा हुआ है ऐसे में परेशान समिति प्रबंधक और केन्द्र प्रभारी कह रहे साहेब कुछ तो करो नुकसान से बचा लो।

### उठाव को लेकर क्या कहते हैं जिले के डीएमओ साहब

*बचे हुये धान के उठाव को लेकर जिला मार्केटिंग अफसर अमित चंद्राकर ने कहा एक हफ्ते के भीतर सम्पूर्ण उठाव हो जायेगा। उठाव तो सभी ब्लाकों में बराबर हो रहें हैं दरअसल 21 क्विंटल के खरीदी हुयी है जिले के मिलर्स की क्षमता अनुरूप नहीं है इसलिये उठाव शेष रह गये है उन्होंने कहा इसके लिये अंतर जिला से सम्पर्क कर रहे हैं ताकि उठाव समाप्त हो जाये।*

# बिजली समस्या से परेशान होकर ग्रामीण पहुंचे विभाग, अधिकारी ने कहा 1 महीना इंतजार करों

जोहार छत्तीसगढ़
धरमजयगढ़।




धरमजयगढ़ में बिजली का समस्या अपने चरम पर है जिससे ग्रामीण परेशान हो चुके हैं आय दिन अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा व्यवस्था सुधारने की बात कही जाती है, पर व्यवस्था में कोई सुधार नहीं होता जिससे परेशान होकर आज प्रेमनगर कॉलोनी के किसान शिकायत लेकर धरमजयगढ़ बिजली विभाग पहुंचे तब धरमजयगढ़ विद्युत विभाग के जेई कुजूर के रवैये से ग्रामीण और नाराज हो गए। विभाग के अधिकारी ने सीधे कह दिया कि वह 1 महीने तक कुछ नहीं कर सकते और यह उनके हाथ में नहीं है। जिसके बाद ग्रामीणों ने कहा कि लम्बे समय से वोल्टेज बहुत ज्यादा कम हो रहा है। जिस कारण उनके सिचाई पंप नहीं चल पा रहे हैं जिससे उनके फ सलों में पानी कि समस्या उत्पन्न हो रही है और फ सल मर रहा है।

अगर इसका कोई विकल्प हम किसानों द्वारा ढूंढा जाता है तब की स्तिथि में विद्युत विभाग द्वारा जो तीन फेस में से 1 फेस को काट कर रखा गया है उसके कारण वह विकल्प भी फेल हो जा रहा है ऐसे में हम करें तो क्या तब अधिकारी के असंतुष्ट रवैये से किसान बहुत ज्यादा नाराज हो गए जिसके बाद शिकायत लेकर ग्रामीण धरमजयगढ़ एसडीएम के पास पहुंच अपनी समस्या से अवगत करवाया। किसानों ने बताया की लम्बे समय से उनके क्षेत्र में बिजली की समस्या उत्पन्न हो रही है। प्रतिदिन 1 फेस में बिजली काट दी जाती है और वोल्टेज 100-120 के बीच रखा जाता है। जिससे वो अपने फ सलों की सिचाई नहीं कर पा रहे हैं। अभी का समय उनके फ सलों का सिचाई की दृष्टि से महत्वपूर्ण समय हैं क्यूकि अभी फ सल परिपक्क हो रहा है जिसे अधिक पानी की अवश्यकता है ऊपर से गर्मियों का मौसम की शुरुआत हो चुकी है उस कारण खेत सूखने लगे हैं। ऐसे में अगर बिजली की समस्या को ठीक नहीं किया गया तब उन्हें लाखों का नुकसान उठाना पड़ेगा।

## मोबाइल शॉप का मुखौटा लगाकर सट्टा का संचालन, ब्लेकमेलर गिरोह भी है कोरबा में सक्रिय

### पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी की सक्रियता और कार्यप्रणाली से जागी कार्रवाई की उम्मीद

**कोरबा** । जिला पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर संपूर्ण जिले में अवैध और अनैतिक गतिविधियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है इसी कड़ी में सीएसईबी चैकी पुलिस ने एक प्रतिष्ठित व्यवसायी परिवार के युवक संकेत अग्रवाल को ऑनलाइन सट्टा खेलते हुए गिरफ्तार किया है। छत्तीसगढ़ में महादेव सट्टा एप के खिलाफ ई डी की कार्रवाई के बाद यह भ्रम फैल गया था की प्रदेश में ऑनलाइन सट्टा बंद हो गया है, लेकिन सच्चाई यह है कि राज्य में अभी भी बड़े पैमाने पर सट्टा का अवैध कारोबार संचालित हो रहा है। कोरबा में भी सट्टा का अनैतिक आर्थिक अपराध बड़े पैमाने पर निर्वाध गति से चल रहा है। शहर के हजारों युवा इसकी चपेट में है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ऑनलाइन सट्टा का सबसे बड़ा संचालक ट्रांसपोर्ट नगर में मोबाइल शॉप का संचालन करने वाला कथित व्यापारी है। बताया जाता है कि इस सटोरिया ने पिछले करीब 4 वर्ष के दौरान 5 करोड़ रुपयों से भी अधिक की काली कमाई सट्टा के जरिये की है। इस सटोरिया का पुराना आपराधिक रिकार्ड भी है। पुलिस ने पिछले वर्ष इस सटोरिया के मोबाइल शॉप में छापा मार कार्रवाई भी की थी, लेकिन वास्तविक अपराधी के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई थी। दुकान के एक छोटे कर्मचारी को गिरफ्तार कर कागजी कार्रवाई कर ली गई थी। इस सिलसिले में एक चैंकाने वाली खबर यह भी है कि कोरबा में अपराधियों का एक ऐसा गिरोह सक्रिय है, जो शहर के संपन्न परिवार के युवाओं को अपने जाल में फंसा कर सट्टा और ड्रग्स का आदी बना देता है।

## राम लला दर्शन योजना के तहत बिलासपुर से रवाना यात्री ट्रेन को वित्त मंत्री ओपी ने दिखाई हरी झंडी

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

राम लला दर्शन योजना के तहत वरिष्ठ जनों को बिलासपुर लेकर अयोध्या रवाना हुई यात्री ट्रेन को हरी झंडी दिखाए जाने की जानकारी साझा करते हुए वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा त्रेता युग में प्रभु श्री राम का वनवास 14 वर्षों तक रहा लेकिन कल युग में यह वनवास 500 साल तक चलता रहा।





नरेंद्र मोदी सरकार के नेतृत्व में अयोध्या में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा होते ही विष्णु देव साय सरकार के दौरान श्री रामलला दर्शन योजना के अंतर्गत बिलासपुर से अयोध्या धाम जाने वाली विशेष ट्रेन को आज वरिष्ठ जनों के साथ हरी झंडी दिखाकर रवाना करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। सत्ता मे आने के पहले राम लला दर्शन का किया गया वादा विष्णु देव साय सरकार पूरा कर रही है।

## एक नजर

### जन जागृति के लिए राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम आयोजित

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।




राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत विकासखंड धरमजयगढ़ में 14 से 19 वर्ष के बालिकाओं को हाथ धुलाई, गुड टच बेड टच, यौन जनित रोग, नशा मुक्ति, महावारी, स्टेनरी पैड का उपयोग एवम डिस्पोज के बारे समूह चर्चा किया गया। प्रशिक्षण के माध्यम से जन जागृति लाने का कार्य सिविल अस्पताल धरमजयगढ़ बीएमओ बीएल भगत के निर्देशानुसार काउंसलर भूपेंद्र सिंह चौहान द्वारा पखवाड़ा चला कर प्रशिक्षित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम आदर्श ग्राम्य भारती स्कूल में सम्पन्न हुआ अंत में सभी बालिकाओं को स्नेटरी पैड का नि:शुल्क वितरण किया गया।

### ऑनलाइन सट्टा खिलाते युवक गिरफ्तार

**कोरबा** । जिले के सीएसईबी चौकी पुलिस के टीम ने ऑनलाइन सट्टा खिलाते एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से सेमसंग कंपनी का मोबाइल जब्त किया है।

मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि संकेत अग्रवाल दादूराम हार्डवेयर दुकान के सामने एक युवक अपने मोबाइल में ऑनलाइन रूपए पैसे का दांव लगाकर हार जीत का जुआ सट्टा खेल रहा है। सूचना पर पुलिस के टीम को दादूराम हार्डवेयर के सामने एक व्यक्ति मिला जिसे नाम पता पूछने पर अपना नाम संकेत अग्रवाल 30 वर्ष निवासी पाटीदार भवन के पीछे सीएसईबी कोरबा होना बताया। जिसके कब्जे से रखें एक सैमसंग कंपनी का मोबाइल फोन को चेक करने पर लाइव बुकी नामक ऑनलाइन सट्टा आईडी बनाकर रूपए पैसे का दांव लगाकर सट्टा खेलते हुए मिला। आरोपी संकेत अग्रवाल से इस संबंध में पूछताछ किया गया उसने सट्टा खेलना स्वीकार किया है। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### अपराध की जांच में उत्कृष्ट योगदान के लिए जिला पुलिस के जवान को प्रशस्ति पत्र

**कोरबा** । कर्तव्य के प्रति समर्पण, कार्यकुशलता, तत्परता, साहस और अपराध की वजह को भांपने की कला ही एक योग्य पुलिसकर्मी की पहचान होती है। जिनके बूते आम नागरिक अपने घर-परिवार और शहर के महफूज होने का भरोसा दिल में लेकर चैन की नींद सो सकता है। ऐसी ही योग्यता का परिचय देते हुए जिला पुलिस के होनहार जवान सुधांशु शर्मा ने गंभीर अपराध की जांच में उत्कृष्ट भूमिका निभाते हुए उसे सुलझाने में अपनी टीम को सफलता दिलाई। अफसरों के मार्गदर्शन और दिशा निर्देश को फॉलो करते हुए उन्होंने वह किया, जिसकी एक निष्ठावान पुलिसकर्मी से अपेक्षा की जाती है। उनके कार्य और अपराध की जांच में उत्कृष्ट सहभागिता के लिए कोरबा जिला पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने उन्हें प्रशस्ती प्रमाण पत्र प्रदान कर पुरस्कृत और सम्मानित किया। उनके सम्मान से जिला पुलिस के साथियों ने हर्ष प्रकट किया है।

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर भारतीय कोयला खदान मजदूर संगठन ने आयोजित किया सम्मान समारोह

**कोरबा** । भारतीय कोयला खदान मजदूर संगठन के द्वारा 9 मार्च को आदर्श नगर में अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला सम्मान समारोह रखा गया था। जिसके मुख्य अतिथि राजीव सिंह महाप्रबंधक कुसमुंडा क्षेत्र थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में राधेश्याम जैसवाल प्रभारी बिजली भारतीय मजदूर संघ, टिकेस्वर सिंह राठौर अध्यक्ष अखिल भारतीय मजदूर संघ, आलोक श्रीवास्तव एस ओ सिविल, असवनी मिश्रा अध्यक्ष, अशोक सूर्यवंशी महामंत्री, बीना जायसवाल, ममता राठौर मौजूद थे। इस सम्मान समारोह में प्रमुख रूप से क्षेत्र में स्थित 4 महिला मंडल को सम्मानित किया गया जिसमें एकता महिला मंडल, स्वतंत्र महिला मंडल, प्रेरणा महिला मंडल, नारी शक्ति महिला मंडल शामिल हैं। कार्यक्रम के अंत में भारतीय मजदूर संघ के रीति-नीति से प्रभावित होकर 31कर्मचारियों ने अन्य संगठन छोड़ भारतीय मजदूर संगठन में सदस्यता ग्रहण की। पूरा कार्यक्रम को आयोजित करने में अमिया मिश्रा, हिरेन चंद्रा, यशवंत साहू, राहुल वर्मा, कृष्ण कुमार तिवारी, सुरेश बिस्वास, बलराम साहू, कैलाश नायक, राघवेंद्र, मुकुंद, मनहरण, अशोक मालाकार, दिनेश मेहर, अनिल गुप्ता, रूपेंद्र साहू, लक्ष्मी बवाडे, दीपक, लालू जैसवाल, अशोक का विशेष योगदान रहा।

## कोयलांचल की नौकरी से सेवानिवृत्ति डॉ. वासुदेव यादव ने लिखी अनेकों पुस्तकें, रचा इतिहास

जोहार छत्तीसगढ़-घरघोड़ा।

ऐसे विरले ही लोग होते हैं जो रिटायरमेंट के बाद का शेष समय समाज के लिये जीते हैं। ऐसे व्यक्ति के चाहने वालों की संख्या बड़ी होती है। आज की खबर में हम ऐसी ही एक सख्सियत से रुबरु कराने जा रहे हैं आपको, जिसने एसईसीएल कोयलांचल के छाल उपक्षेत्र में नौकरी पूरी करने के बाद कि संपूर्ण जिंदगी समाज को समर्पित कर दी।



दो दशक पूर्व इंटक युनियन, रायगढ़ कोयला अंचल के फाउंडर डॉ. वासुदेव यादव ने डोमनारा एसईसीएल कालोनी में मजदूरों को शिफ्ट करवाने के लिए प्रथमत: कलोनी में ही केएवी नामक हाईस्कूल शुरू की और गरीब परिवार के बच्चों को शिक्षा से जोड़ कर उनके तरक्की के रास्ते खोले, साथ ही मजदूरों के इलाज के लिए एक डिस्पेंसरी भी खुलवाई। स्वास्थ्य के क्षेत्र में उनकी उपलब्धियां किसी से छिपी नहीं है। वे गरीबों के घर तक पहुंचकर उन्हें निरोगी काया के छोटे-छोटे नुस्खे समझाते है। लेखन के क्षेत्र में उनकी खास रुचि है। इसके लिये वे आज भी सक्रिय बने हुए हैं।सोशल फोरम आन ह्यूमन राइट्स के प्रदेशाध्यक्ष गनपत चौहान बतलाते हैं कि डॉ. यादव अपने कोयलांचल रायगढ़ क्षेत्र में इंटक श्रम संगठन के संस्थापक सदस्यों में से एक रहे हैं, वे अपने सेवा काल के अंतिम दिनों के बाद भी आज तक कोयला श्रमिकों के हितों के संरक्षण के लिए संघर्षरत देखे जा रहे हैं इसलिए चौहान उन्हें कोयला श्रमिकों के मध्य रोल मॉडल के रूप में देखते हैं वह इसलिए कि उन्होंने आयुर्वेदाचार्य, डिप्लोमा इनएक्यूपंक्चर एवम डिप्लोमा इन फ र्मेसी की शिक्षा ग्रहण कर मेडिकल लाईन के होने के बावजूद नौकरी से मुक्त होने के बाद प्रकाशित काव्य पुस्तकों में कविताओं की ओर सन 2002, अंदर का सच 2004,भागवत,बायबल और कुरान 2001 वो एक लड़की, लघुकथा, संग्रह 2022, ड्रीम व्हेन यू स्टार्ट डेकोरेटिंग,मोटिवेशनल इंग्लिश नावेल, तथा शब्दों की सर्जरी,उपन्यास, 2022 के साथ एक मोटिवेशनल प्रेरणादायक उपन्यास ख्वाब जब सजने लगे लिख डाली जिसे हजारों लोगों ने पढ़कर पसंद कियाद्य अभी वे दो डिजिटल उपन्यास क्रमश: साजिशें प्रेम की, एवं प्रेमाग्नि लिख रहे हैं जिसका लिंक है

जिसे अभी मोबाइल पर हजारों पाठक पॉकेट नॉवेल इंस्टाल कर प्रतिदिन पढ़ रहे हैं। इसके साथ ही विश्व के इक्कीस देशों के कवियों के संग इनकी भी रचना प्रकाशित हुई है इस अंतर्राष्ट्रीय काव्य संकलन का नाम है धरा से गगन तक जिसके संपादक विजय तिवारी हैं, इनकी यात्रा यहीं पर नहीं रुकी और डॉ. मीन केतन प्रधान रायगढ़ के संपादन में अंतर्राष्ट्रीय शोध ग्रंथ छायावाद के सौ बर्ष और मुकुट धर पांडेय पर एक शोध पत्र लिख कर इन्होंने लेखन के क्षेत्र में इतिहास रच डाला। रायगढ़ कोयलांचल और एसईसीएल कम्पनी में डा वासुदेव यादव कोयला श्रमिकों के मध्य एक जाना पहचाना नाम है वे मूलत: झारखंड प्रदेश के मधुपुर कुशमहा, जिला बैजनाथ धाम से है पर वे सेवानिवृत्ति के पश्चात अपने पैतृक गांव न जाकर छाल उपक्षेत्र के डोमनारा कालोनी के निकटस्थ आवासीय मकान और केएवी पब्लिक हाईस्कूल खोलकर अपनी धर्मपत्नी अनिता यादव के साथ स्कूली बच्चों को बेहतर शिक्षा और लेखन के कार्यो में निरंतर समय दे रहे हैं। उल्लेखनीय है कि एसईसीएल रायगढ़ के डोमनारा में कोयला खदान खुलवाने में इनका अहम योगदान था जिसके लिए इन्हें प्रदर्शन करने के साथ साथ दिल्ली तक भी दौड़ लगानी पड़ी। अभी वर्तमान में वे हिन्द मजदूर किसान पंचायत के प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर रहते हुए किसानों की समस्या हल करने में व्यस्त हैं।

## बीटीएस प्रोडक्शन की छत्तीसगढ़ी फिल्म 'मर जाहूँ तोर मया म' की जल्द शुरू होगी शूटिंग




**चांपा**। छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद छालीवुड में फिल्म निर्माण के क्षेत्र में लगातार प्रगति हो रही है अच्छी तकनीकी साजो सामान के साथ छत्तीसगढ़ही भाषा में बहुत से फिल्मों का निर्माण हो रहा है जिसे जनता का अच्छा प्रतिसाद भी मिल रहा है इसी कड़ी में कोसा कांसा कंचन के साथ कलाकारो की नगरी चांपा में बीटीएस फिल्म प्रोडक्शन के बैनर तले छत्तीसगढ़ी फिल्म मर जाहूँ तोर मया म बड़े पर्दे की फिल्म की शूटिंग 15 मार्च 2024 से प्रारंभ होने जा रहा है। जिसका मूहुर्त शॉट तपसी धाम केराझरिया में छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ0 चरणदास महंत के करकमलो 15 मार्च दोपहर 12 बजे संपादित होगा, साथ ही बीटीएस यूट्यूब चैनल की लॉन्चिंग भी होगी।

इस संबंध में फिल्म के निर्माता व निर्देशक अखिलेश कोमल ने बताया कि यह फिल्म प्रेम कहानी पर आधारित है। जिससे एक अच्छी पटकथा के साथ सुमधुर गीत संगीत का समावेश होगा फिल्म में मनोरंजन की दृष्टि से पारिवारिक पृष्ठभूमि के साथ कॉमेडी एक्शन मारधाड़ का समावेश होगा। फिल्म के कथा पटकथा संवाद लेखक रचनात्मक निर्देशक गिरधारी यादव ने बताया कि फिल्म की कहानी मे ऐसा रहस्य का समावेश है जो दर्शक को रोमांचित करेगा।

## प्रधानमंत्री शक्ति पोषण आहार योजना के तहत शाहपुर में न्यौता भोजन का आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।



केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री शक्ति पोषण आहार योजना शुरू की गई है। जिसे तिथि भोजन कार्यक्रम कहा गया है। इसे छत्तीसगढ़ में न्यौता भोजन का नाम दिया गया है। जिसके तहत विकासखंड धरमजयगढ़ अंतर्गत माध्यमिक शाला शाहपुर में न्यौता भोजन का आयोजन किया गया। जिसमें नीलमणि पटेल एवं अनिल सरकार द्वारा भोजन सामग्री एवं फल की व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम में टीकाराम पटेल ने कहा कि मोदी सरकार की यह सोच बच्चों के लिए बहुत ही लाभकारी होगा। पूर्व सांसद प्रतिनिधि भरतलाल साहू ने कहा कि मोदी सरकार द्वारा बहुत अच्छी पहल की गई है। जिसमें बच्चों को पोषण आहार मिलने के साथ साथ आपसी भेदभाव मिटेगा। जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, दानदाता कोई भी व्यक्ति अपने आस पास के स्कूली बच्चों को पूर्ण भोजन या पूरक भोजन दे सकता है। ऐसे में लोग जन्मदिन, सालगिरह या अन्य यादगार पलों में बच्चों के साथ भोजन करना चाहेगा। साहू ने शिक्षकों एवं जनप्रतिनिधियों से इसे प्रचार-प्रसार करने की अपील की। सभी अतिथियों ने बच्चों के साथ बैठकर भोजन किया। जिसमें गोविंद साव, नीलांबर साव, विद्याधर पटेल, माधव पटेल, गोविंद पटेल, उन्नति राठिया, मिहिर विश्वास, स्कूल के प्रधानपाठक सहित शालेय परिवार उपस्थित रहे।




स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in